वर्ष : 33 ▸ अंक : 126 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, सोमवार, 22 जुलाई 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## शाह ने भाजपा के महाराष्ट्र अधिवेशन में विपक्षी नेताओं पर जमकर हमला

# शरद पवार भ्रष्टाचार के सरगना हैं, उद्धव 'औरंगजेब फैन क्लब' के प्रमुख : अमित शाह

**धीरज सिंह । पुणे**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा के महाराष्ट्र अधिवेशन में विपक्षी नेताओं पर जमकर हमला बोला है। शाह ने शरद पवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और उन्हें देश में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा सरगना बताया। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे पर भी शाह खूब बरसे। उन्होंने उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का नेता बताया। इस दौरान शाह ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीत का दावा किया और कहा कि महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड बहुमत वाली सरकार बनेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर कहा, 'आज का सम्मेलन 2024 में कमल के फूल के नेतृत्व वाली महायुति की सरकार बनाने के लिए बुलाई गई है।'



### '30 सालों तक देश में रहेगा बीजेपी का राज'

शाह ने कहा कि 60 साल बाद पीएम मोदी ने देश में सत्ता बनाने की हैट्रिक बनाई है। 2014 और 2019 से भी बड़ी जीत 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिलेगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में बीजेपी के नेतृत्व में महायुति की सरकार बनेगी और वो भी प्रचंड बहुमत वाली। साथ ही शाह ने कहा, 'आने वाले 30 सालों तक देश में बीजेपी का राज रहेगा, यह ऐलान शिवाजी महाराज की धरती से कर रहा हूं।'

### 'बीजेपी की सरकार में आता है मराठा आरक्षण का मुद्दा'

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस कभी भी गरीबों के लिए योजना नहीं लाई। साथ ही उन्होंने कहा कि जब महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार आती है, तब मराठा आरक्षण का मुद्दा आता है। जब शरद पवार की सरकार आती है, मराठा आरक्षण का मुद्दा गायब हो जाता है। साथ ही उन्होंने शरद पवार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि शरद पवार देश में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े सरगना हैं। उन्होंने शरद पवार को भ्रष्टाचार का इंस्टीट्यूशन बताया है।

### अंबेडकर का कांग्रेस ने किया सबसे ज्यादा अपमान : शाह


केंद्रीय गृह मंत्री कांग्रेस पर भी जमकर बरसे और उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर का अपमान सबसे ज्यादा कांग्रेस ने किया है। उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'उद्धव ठाकरे औरंगजेब फैन क्लब के नेता हैं। याकूब की फांसी का विरोध करने वाले की गोद में उद्धव ठाकरे बैठे हैं। औरंगजेब फैन क्लब महाराष्ट्र को सुरक्षित नहीं रख सकता है।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर उन्होंने कहा कि मोदी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते हैं, बल्कि सबके साथ न्याय करते हैं। साथ ही उन्होंने नक्सलवाद के खात्मे को लेकर कहा कि दो साल में देश नक्सलवाद से मुक्त होगा।

## दायित्वनामा

# ईश्वर के मन में क्या है..!



आज मैं किसी झोपड़पट्टी के पास से गुजर रहा था, देखा झोपड़ियों में पानी घुसा पड़ा है, लोग लाचार से पानी निकलने का इंतजार कर रहे हैं, तभी घर में नजर गयी, घुटनों तक पानी में रखी खाट के एक कोने में बैठा 3 साल का बच्चा पारले जी खा रहा था, तो दूसरे कोने में मटमैली अधभिगी महिला स्टोव पर कुछ पकाने की तैयारी कर रही थी, मन विचलित हो गया... मगरमच्छ की तरह आंसू बहाता मैं आगे बढ़ गया... (मगरमच्छ इसलिए कि मध्यम वर्ग का आदमी गरीबी देख रोता जरूर है, पर अपनी दुनिया में फंसे इनमें से ज़्यादातर लोग कुछ कर नहीं पाते गरीब और गरीबों के लिए) खैर।



अरुण लाल
arunlal.y@gmail.com

मैं चलता ही जा रहा था कि तभी कहीं से आवाज आई, 'बहुत व्यथित हो मित्र..।' मैं चौंका, इधर उधर देखा पर कुछ नजर नहीं आया, मैं फिर चलने को हुआ, पर फिर वही आवाज। मैं रुक गया कहा, 'कौन है, सामने आइए।' तभी पानी से निकल कर एक आकृति आयी। उनके चेहरे का तेज मेरी आंखों को चमत्कृत कर रहा था... बरबस मेरे हाथ जुड़ गए और मैंने उन्हें प्रणाम किया। वे मुस्कुराईं, उनकी मुस्कान से मेरा हृदय प्रेम से भर गया। मैंने कहा, 'मां आप प्रसन्नता की देवी हैं।'

उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'नहीं, वे मेरी अभिन्न सखी हैं, मैं तो प्रकृति हूं... तुम्हे व्यथित देखा, तो सोचा चलो तुमसे चर्चा कर आतीं हूं। मैंने कहा, 'माता क्या आपको बिलखते बच्चे नजर नहीं आते। मनुष्यों को अपार दुख में डाल देव को क्या प्राप्त होता है, क्या मनोरंजन के लिए हैं हम सब।' 'नहीं वत्स हमारे लिए सभी मनुष्य एक हैं, हर किसी को सुख-दुख समान मात्रा में मिलता है, तुम लोगों ने उसे बांट दिया है, और यह दुख, जिससे तुम व्यथित हो, तुम्हारा ही जना हुआ है।' मैंने हठ करते हुए कहा, 'कैसे? मैं नहीं मानता...' उन्होने मेरा हाथ पकड़ा और अगले ही पल मैं एक घने जंगल में था... सभी पेड़ पौधे आपस मे हंसी मजाक कर रहे थे मुझे उनकी भाषा समझ में आ रही थी... जीव भी वृक्षों से बात चीत कर रहे थे। मनोरम दृश्य था...पेड़ों को जीवों से और जीवों को वृक्षों से बहुत प्रेम था... चारों तरफ फल-फूल की भरमार थी। तभी बंदरों का एक झुंड आया उसने कुछ वृक्षों की घेर कर अपनी संपत्ति घोषित कर दी। जो भी विरोध करता मारा जाता... जिन वृक्षों ने विरोध करना चाह वे काट दिए गए।

अब बंदरों का यह झुंड बढ़ने लगा। इनके कई झुंड बन गए। अब इन झुंडों में लड़ाई होने लगी। मैं आहत देखता रहा, कुछ समय बाद बंदरों को लगा कि वे सभ्य हो रहे हैं तो उन्हें लड़ना झगड़ना नहीं चाहिए। उन्होंने नियम बनाये और एक-दूसरे पर लागू करने लगे। समय तेजी से बीत रहा था, तभी एक दिन बंदर आया और वृक्षराज से फल की मांग की वृक्षराज ने कहा, 'पुत्र अभी तो फल आने में समय है, थोड़ा धैर्य रखो।' शक्ति के नशे में चूर बंदर ने कुल्हाड़ी उठायी और अगले कुछ पलों में वृक्षराज जमीन पर पड़े थे। तब से उस वानर की आदत पड़ गयी, हर चीज उसे तुरत ही चाहिए, जब नहीं मिलती तो वह दंड की मुद्रा में आ जाता, अब उसने वानरों का वध करना भी शुरू कर दिया।

कुछ वानरों ने वृक्षराज को आवाज भी दी, पर उसी दिन से वे खामोश हो गए सदा के लिए शायद। कुछ ही पलों में हजारों युद्ध, खून, लाशें जाने क्या-क्या देख चुका था मैं... मैने कहा, 'मां बस करो अब सह नहीं पा रहा मैं, और वानरों की यह कथा तो कभी सुनी नहीं मैंने..।' वे मुस्कुराई और मेरे सिर पर हाथ फेरा... अरे..। यह क्या.. वानर मनुष्य में परिवर्तित हो गया। मैं पहचान रहा था अपने दादा परदादा, और हर इंसान से अपना रिश्ता नजर आया।

हर किसी से मेरा रक्त सम्बन्ध साफ नजर आ रहा था, कुछ के हाथों में तलवार है, कुछ के कुल्हाड़ी तो कुछ लोगों ने पुस्तकें भी पकड़ रखी हैं, तभी प्रकृति की देवी ने मेरा हाथ छोड़ दिया, मैं फिर अपने समय में था। मैं चीखा, 'पर पूर्वजों के पापों की सजा हमें क्यों।' देवी अंतर्ध्यान हो चुकीं थीं... उनकी आवाज आई, 'अब तुम्हारा दायित्व है कि तुम दुनिया को बताओ कि अगर मानव पूर्वजों के ज्ञान से लाभ चाहता है, तो उनके पापों और अज्ञान को भी भोगने को तैयार रहो। और ध्यान से देखो आने वाली पीढ़ियों को क्या दे रहे हो? याद रखो कि तुम सदा सदा के लिए नहीं हो, सब बदल रहा है, बदलेगा।'

## न्यूज़ ब्रीफ

### हिंसक प्रदर्शन को देख SC का एक्शन, HC के फैसले को किया रद्द

**ढाका।** बांग्लादेश में लगभग दो सप्ताह से चल रहे हिंसक प्रदर्शन में अब एक नया मोड़ आ गया है, जहां हिंसक प्रदर्शनों के बीच बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को सरकारी नौकरियों में कोटा व्यवस्था को बरकरार रखने के हाईकोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस आरक्षण व्यवस्था को पूरी तरह खत्म नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने हिंसक प्रदर्शन पर हाईकोर्ट के आदेश को अवैध बताया है। जिसके बारे में अटॉर्नी जनरल एएम अमीनुद्दीन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने कोटा व्यवस्था को बरकरार रखने के हाईकोर्ट के आदेश को अवैध माना है।

### राहुल गांधी 'ओमन चांडी लोक सेवक पुरस्कार' से होंगे सम्मानित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पार्टी के दिग्गज नेता एवं केरल के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत ओमन चांडी की याद में स्थापित 'ओमन चांडी लोक सेवक पुरस्कार' के लिए चुना गया है। 'ओमन चांडी फाउंडेशन' ने प्रथम 'ओमन चांडी लोक सेवक पुरस्कार' की घोषणा नेता की पहली पुण्यतिथि के तीन दिन बाद रविवार को की। इस पुरस्कार के विजेता को एक लाख रुपये की राशि और प्रसिद्ध कलाकार एवं फिल्म निर्माता नेमम पुष्पराज द्वारा बनाई गई प्रतिमा दी जाएगी। राहुल गांधी को ओमन चांडी लोक सेवक पुरस्कार के लिए क्यों चुना गया, इसकी जानकारी खुद कांग्रेस की ओर से दी गई। पार्टी ने बयान जारी कर बताया कि राहुल गांधी एक राष्ट्रीय नेता हैं, जिन्होंने 'भारत जोड़ो यात्रा' के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान निकाला।

### कांवड़ रूट पर दुकानदारों के नामों को लिखे जाने का मामला, आज सुनवाई

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में कांवड़ रूट पर पड़ने वाली दुकानों पर दुकानदारों के नाम लिखे जाने वाला मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। कोर्ट में याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश को चुनौती दी गई है। कोर्ट सोमवार को इस मामले में सुनवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि यूपी सरकार ने पिछले दिनों आदेश दिया था, जिसमें कांवड़ रूट पर पड़ने वाले भोजनालय समेत अन्य सभी दुकानों के बाहर दुकानदारों के नामों का लिखा जाना अनिवार्य कर दिया गया। इस फैसला का खुद बीजेपी के सहयोगी दलों ने विरोध किया है। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

# 'छत्रपति शिवाजी और अर्जुन जैसे लक्ष्य लेकर चलें

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर फडणवीस बोले- सबसे बड़ी पार्टी बनेगी भाजपा

**अमित बृज । मुंबई/पुणे**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। रविवार को पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए फडणवीस ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया के वे महाराष्ट्र में महायुति सरकार को फिर से चुनने के एकमात्र लक्ष्य के साथ उसी तरह काम करें, जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'हिंदवी स्वराज्य' हासिल करने के अपने लक्ष्य का पीछा किया था और जैसे मछली की आंख पर अर्जुन का अटूट निशाना था। उन्होंने पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से हर बार किसी निर्देश की प्रतीक्षा किए बिना विपक्ष के आरोपों का करारा जवाब देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि नेताओं को अगले मुख्यमंत्री के बारे में अटकलें लगाने से बचना चाहिए। फडणवीस ने जोर देकर कहा कि पार्टी को विधानसभा चुनाव का सामना करने के लिए एक साथ आना चाहिए और नकारात्मक बातचीत से बचना चाहिए।

### 1.75 करोड़ वोट हासिल करेगी भाजपा: फडणवीस



उन्होंने कहा, 'बीजेपी ने पहले अकेले 1.50 करोड़ वोट जीते हैं।' उन्होंने दावा किया, 'विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी 1.75 करोड़ वोट जीतेगी।' फडणवीस ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के साथ गठबंधन की सरकार बनाने के पार्टी के फैसले का दृढ़ता से बचाव करते हुए शिंदे को बाल ठाकरे के विचारों का सच्चा अनुयायी बताया। उन्होंने कहा, 'जब अतीत में बीजेपी का एनसीपी के साथ टकराव हुआ था, तब सवाल उठाए गए थे कि एनसीपी के साथ कैसे रहना है। हालांकि, जब लक्ष्य तय हो जाता है तो हमें दो कदम आगे और दो कदम पीछे जाकर समझौता करना होता है। बीजेपी महायुति लेकर आई है। सरकार सत्ता में आए ताकि महाराष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बना रहे, जिन्होंने देश को बदल दिया है और विकास के लिए और अधिक बदलाव लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।'

### महाविकास अघाड़ी पर साधा निशाना

अपने संबोधन के दौरान फडणवीस ने एमवीए की आलोचना करते हुए दावा किया कि एमवीए कार्यकर्ताओं द्वारा बहु-महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना' को विफल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन घोषणा की कि सरकार महिलाओं के सम्मान के लिए इसके कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।

# इंटरनेट बंद, ड्रोन से निगरानी; 2000 जवानों की तैनाती

## नूंह में ब्रजमंडल यात्रा को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

हरियाणा के नूंह में सोमवार को ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा निकाली जाएगी। इसके मद्देनजर हरियाणा सरकार के गृह विभाग ने सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए एहतियातन कई कदम उठाए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक, रविवार शाम 6 बजे से 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी रहेगी। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आसमान से जमीन तक पैनी नजर रखी जाएगी। नूंह पुलिस ने भारी वाहन चालकों के लिए विशेष एडवाईजरी भी जारी की है।

### सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2000 जवानों की तैनाती



नूंह में ब्रज मंडल यात्रा के दौरान इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। गृह विभाग ने 21 जुलाई शाम 6 बजे से 22 जुलाई शाम 6 बजे तक इंटरनेट पर पाबंदी लगाने का आदेश दिया है। इस दौरान बल्क मैसेज सेवाओं पर भी रोक रहेगी। गृह विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए 2000 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ही अर्ध सैनिक बलों के जवानों को तैनात किया है। साथ ही ड्रोन से यात्रा की निगरानी की जाएगी। साथ ही अरावली पर्वत में भी हरियाणा पुलिस के कमांडो द्वारा सर्च अभियान चलाया जाएगा और डॉग स्क्वॉयड के अलावा घोड़ा पुलिस भी जिले के अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहेगी।

# सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस का दावा, JDU ने रखी बिहार के लिए स्पेशल स्टेटस की मांग, TDP रही चुप

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रविवार को बजट सत्र से पहले केंद्र सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर कई विपक्षी दल शामिल हुए। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई और केंद्रीय मंत्री तथा लोजपा (रामविलास) नेता चिराग पासवान सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए। आज इस सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि, रविवार को हुई ऑल पार्टी मीटिंग में जेडीयू नेता ने बिहार के लिए स्पेशल स्टेटस की मांग की। वहीं, YSRCP नेता ने आंध्र के लिए विशेष दर्जा मांगा है। लेकिन हैरानी की बात ये रही कि TDP नेता इस मुद्दे पर चुप रहे। दरअसल, ऑल पार्टी मीटिंग में तीन राज्यों बिहार, आंध्र प्रदेश और ओडिशा ने अपने राज्यों के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगा है।

### कांग्रेस ने की डिप्टी स्पीकर पोस्ट की मांग



सूत्रों की मानें तो इस बैठक में कांग्रेस ने कहा कि विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पोस्ट मिले। इसके अलावा उसने आज नीट का मुद्दा भी उठाया। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव ने कांवड़ रूट पर पहचान दिखाने का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही YSRCP ने राज्य में सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया। YSR कांग्रेस ने कहा कि TDP सरकार उनके नेताओं को राज्य में टार्गेट कर रही है लिहाजा उनको जरुरी सुरक्षा मिले। आज इस बैठक में इस बैठक में कांग्रेस नेता जयराम रमेश और के सुरेश, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के असदुद्दीन ओवैसी, राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के अभय कुशवाहा, जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा, आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, समाजवादी पार्टी (सपा) नेता रामगोपाल यादव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रफुल्ल पटेल भी मौजूद रहे ।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल यानी सोमवार से शुरू हो रहे सत्र के दौरान आगामी मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

# 2050 तक भारत में 34 करोड़ होंगे बुजुर्ग

## यूएनएफपीए की रिपोर्ट : कई चुनौतियां होंगी सामने

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत अभी युवाओं का देश है। देश की ज्यादातर आबादी जवान है, लेकिन 2050 तक स्थिति काफी बदल सकती है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की भारत इकाई 'यूएनएफपीए- इंडिया' की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक दोगुनी हो जाने की संभावना है। देश में खासकर उन बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है, जिनके 'अकेले रह जाने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है'। 'यूएनएफपीए-इंडिया' की 'रेजिडेंट' प्रतिनिधि वोजनार ने विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के कुछ दिन बाद एक इंटरव्यू में जनसंख्या के उन प्रमुख रुझानों को रेखांकित किया, जिन्हें भारत सतत विकास में तेजी लाने के लिए प्राथमिकता दे रहा है। इनमें युवा आबादी, वृद्ध जनसंख्या, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु के अनुसार बदलाव करना शामिल हैं। ये कारक सभी देश के लिए अनूठी चुनौतियां और अवसर पेश करते हैं।



### महिलाओं के सामने खास चुनौतियां

वोजनार ने कहा, 'भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत आबादी शहर में होने का अनुमान है, इसलिए झुग्गी बस्तियों की वृद्धि, वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है। शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।'

### 2050 तक 34 करोड़ होंगे 60 साल से ज्यादा उम्र के लोग

वोजनार ने कहा कि 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों की संख्या 2050 तक दोगुनी होकर 34 करोड़ 60 लाख हो जाने का अनुमान है, इसलिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन योजनाओं में निवेश बढ़ाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा, ' खासकर वृद्ध महिलाओं के लिए ऐसा करना आवश्यक है, जिनके अकेले रहने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है।' 'यूएनएफपीए-इंडिया' प्रमुख ने कहा कि भारत में युवा आबादी काफी है और 10 से 19 वर्ष की आयु के 25 करोड़ 20 लाख लोग हैं। उन्होंने जिक्र किया कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी के लिए प्रशिक्षण और रोजगार सृजन में निवेश करने से इस जनसांख्यिकीय क्षमता को भुनाया जा सकता है और देश को सतत प्रगति की ओर अग्रसर किया जा सकता है।

## नेमप्लेट विवाद को लेकर एनडीए में बगावत

# क्या कुर्ते पर भी नाम लिखवा लें? : जयंत

**एजेंसी । नई दिल्ली**



उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के मार्गों पर मौजूद दुकानों के सामने नेमप्लेट लगाने के आदेश से विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले को लेकर राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार अपने सहयोगी दलों के ही निशाने पर आ गई है।

एनडीए में शामिल आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने नेमप्लेट वाले फैसले को लेकर रविवार को अपना विरोध जताया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या अब कुर्ते पर भी नाम लिखवा लें? जयंत ने कहा, 'कांवड़ यात्री जाति और धर्म देखकर किसी दुकान पर सेवा नहीं लेता है। इस मुद्दे को धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। मुझे लगता है कि ज्यादा समझकर फैसला नहीं लिया गया है। अब फैसला हो गया तो सरकार उस पर टिकी हुई है। सरकार में कभी-कभी ऐसा हो जाता है। मगर, अभी समय है और सरकार को फैसला वापस ले लेना चाहिए।'

जयंत चौधरी ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, 'सब प्रतिष्ठान अपना नाम लिखें, यह सही नहीं है। आखिर मैकडोनाल्ड क्या लिखेगा? खतौली में बर्गर किंग की दुकान है तो वो क्या लिखेगा। सरकार या तो फैसला वापस ले या फिर प्रशासन इस पर कोई जोर न दे। जो दुकानदार अपनी मर्जी से नेमप्लेट लगाना चाहें, वहीं लगाएं।

# दो दिन की बारिश से बेहाल हुई संतरा नगरी

## निचली बस्तियों में अभी भी भरा है पानी

**दोपहर संवाददाता । नागपुर**



शनिवार को हुई इस सीजन की रिकार्ड बारिश के बाद रविवार को भी झमाझम बारिश हुई। बारिश कई इलाकों में आफत बनकर बरसी। निचली बस्तियों में बारिश का पानी जमा हो गया। लगातार दो दिन हुई झमाझम बारिश से नागपुर का मौसम कुल-कुल हो गया है। उमस से राहत मिल गई, लेकिन सड़कों व चौराहों पर बारिश का पानी जमा होने से यातायात प्रभावित हुआ है। तापमान भी औसत से कम हो गया है। बंगाल की खाडी में बने कम दबाव के क्षेत्र का असर नागपुर समेत पूर्वी विदर्भ में हो रहा है। शनिवार को हुई भारी बारिश से प्रशासन की पानी निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई।

शनिवार को चंद घंटे में हुई 141 मिमी बारिश से शहर का हर हिस्सा पानी-पानी हो गया। शनिवार को हुई परेशानी से लोग निजात पाते इसके पहले ही रविवार को भी झमाझमा बारिश हुई। बारिश का पानी निचली बस्तियों में अभी भी जमा है। लोग पानी निकालने की जुगत में लगे है, ताकि आवाजाही सामान्य हो सके। सड़क व चौराहों पर भी जगह-जगह मिनी तालाब नजर आ रहे है। जगह-जगह पानी जमा होने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। इन दिनों शहर में चारों ओर सड़क निर्माण व पुलिया के निर्माण कार्य चल रहा है। पुलिया के निर्माण के लिए सड़कों को खोदा गया है। यहां से निकली मिट्टी सड़क किनारे पड़ी है। जरा सी बारिश होने से मिट्टी रास्ते पर फैल जाती है। कई जगह तो कीचड़ जमा होने से वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना रहता है।

लगातार दो दिन हुई बारिश से नागपुर का मौसम कुल-कुल हो गया है। उमस व पसीने से राहत मिल गई है। बारिश का असर जनजीवन पर भी हुआ है। बारिश के दौरान सड़कों पर वीरानी नजर आई। बाजारों में भी सन्नाटा छाया रहा।

## महायुति के सहयोगी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने को स्वतंत्र : अजित पवार

**दोपहर संवाददाता । पुणे**



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सहित महायुति के घटक दल स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं।पिंपरी चिंचवाड़ शहर में राकांपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अकेले चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा,'हालांकि हम लोकसभा और राज्य विधानसभा में सहयोगी हैं, लेकिन महायुति के सदस्य स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं।'स्थानीय निकायों में नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत और जिला परिषद शामिल हैं। स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए कार्यक्रम को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं।

# पालघर जिले में फार्मा इकाई में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**दोपहर संवाददाता । पालघर**



महाराष्ट्र के पालघर जिले में रविवार दोपहर एक फार्मास्युटिकल इकाई में आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जिला आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि पालघर में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र में स्थित इकाई में दोपहर करीब दो बजे लगी आग में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि दमकल की छह गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और आग बुझाने का काम अभी जारी है। प्रारंभिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि फैक्ट्री में विस्फोट हुए थे। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा आग लगने की सूचना मिलने के तुरंत बाद कारखाने को खाली करा लिया गया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी गोविंद बोडके भी मौके पर स्थिति पर नजर रख रहे हैं।


**रोडरेज मामला**

# बच्चों के साथ जा रही महिला से मोटर चालक ने की मारपीट

**दोपहर संवाददाता । पुणे**

पुणे में दो बच्चों के साथ दोपहिया वाहन पर जा रही एक महिला से एक मोटर चालक ने मारपीट की। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला ने आरोपी मोटर चालक को ठीक से वाहन चलाने को कहा था। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि शनिवार को बानेर-पाषाण लिंक रोड पर हुई घटना के सिलसिले में 57 वर्षीय व्यक्ति और उसकी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।पुणे के एक होटल में विपणन प्रमुख के रूप में कार्यरत पीड़ित महिला जेरलीन

**मामला दर्ज**



डिसिल्वा ने सोशल मीडिया पर घटना का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उनकी नाक से खून बहता हुआ दिखाई देता है। वहीं, एक अन्य वीडियो में डिसिल्वा ने कहा, 'वह दो बच्चों के साथ दोपहिया वाहन पर बानेर की ओर जा रही थीं कि तभी एक कार में सवार व्यक्ति ने उन्हें रास्ता नहीं दिया, जिसके चलते मैंने उसे ठीक से गाड़ी चलाने को कहा। इसके बाद उसने कार की खिड़की नीचे कर दी और मेरे साथ गाली-गलौज करने लगा।' डिसिल्वा ने दावा किया कि जब वह कार से आगे निकलने में सफल हो गईं, तो चालक ने उनका पीछा किया जिससे उन्हें सड़क के किनारे रुकना पड़ा। वीडियो में पीड़ित महिला ने आरोप लगाया, 'उस आदमी ने अपनी कार रोककर मेरा रास्ता रोका और गुस्से में बाहर निकला तथा मेरी शर्ट पकड़ी और मेरे चेहरे पर तीन से चार बार मुक्के मारे।' डिसिल्वा ने दावा किया कि जब उसने उस व्यक्ति को भागने से रोकने के लिए कार की चाबी छीनने का प्रयास किया, तो कार में मौजूद उसकी पत्नी ने भी उनके साथ मारपीट की।झगड़े के दौरान वहां खड़े लोगों ने बीच-बचाव किया और डिसिल्वा को अस्पताल ले जाया गया तथा बाद में पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दंपति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# भारी बारिश के बीच पानी के तेज बहाव में फंसे 60 लोगों को बचाया गया

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**

पिकनिक के लिए गए 60 लोगों को भारी बारिश के बीच नवी मुंबई के बेलापुर नोड में एक पहाड़ी पर पानी के तेज बहाव में फंसने के बाद रविवार को बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नवी मुंबई में रविवार अपराह्न डेढ़ बजे तक, पांच घंटों में 83.38 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे वाशी, नेरुल और सानपाड़ा के कई इलाकों में जलभराव हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बेलापुर में आर्टिस्ट कॉलोनी के पीछे स्थित पहाड़ी पर पिकनिक के लिए गए करीब 60 लोग फंस गए थे। नवी मुंबई नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग, पुलिस और नवी मुंबई आपदा प्रबंधन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कहा, 'बचाव अभियान के दौरान रस्सियों के सहारे लोगों को निकाला गया।' उन्होंने यह भी कहा कि नवी मुंबई के तुर्भे इलाके में एक औद्योगिक इकाई के पीछे कुछ लोग पानी में फंसे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं। मुंबई और महानगर क्षेत्र में सुबह से ही भारी बारिश हो रही है, जिससे कई इलाकों में जलभराव हो गया है।


# कामवारी नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जांच में जुटी पुलिस**

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी के म्हाडा कॉलोनी स्थित कामवारी नदी में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। कुछ लोग उक्त व्यक्ति की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिए जाने की बात कर रहे हैं तो कुछ लोग नदी में डूबने से मौत हो जाने की आशंका जता रहे हैं। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उम्र करीब 35 से 40वर्ष बताई जा रही है। पुलिस जांच में जुटी है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची निजामपुरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे भिवंडी के आईजीएम अस्पताल में पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अज्ञात शव के दाएं हाथ पर बाल गोविंद लिखा हुआ है। पुलिस उक्त अज्ञात शव के बारे में अधिक जानकारी इकठ्ठा करने में जुटी हुई है। आखिर इस व्यक्ति का सही नाम क्या है और यह कहां का रहने वाला था। इसके अलावा पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उक्त व्यक्ति की किसी ने हत्या तो नहीं की है। या उसने खुदखुशी की है ? इस प्रकरण में पुलिस की जांच जारी है।



## ठाणे जिले में 643 स्कूलों में आरक्षित सीटों हेतु 9597 विद्यार्थियों का चयन




**दोपहर संवाददाता । ठाणे**

शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 (दिनांक 20 जुलाई 2024) के लिए 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम' यानी 'आरटीई' के तहत 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के लिए ड्रा के अनुसार, ठाणे जिले के 643 स्कूलों में 9597 छात्रों का चयन किया गया है। ठाणे जिला जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आरटीई के तहत कमजोर, वंचित, शैक्षिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को 25 प्रतिशत आरक्षित कोटा के माध्यम से छात्र के घर से 1 किमी के भीतर निजी स्कूलों में मुफ्त प्रवेश दिया जाता है। इस दृष्टि से, ठाणे जिले के 643 पात्र स्कूलों में आरटीई के 25 प्रतिशत मुफ्त प्रवेश के लिए 11339 सीटें उपलब्ध हैं। माननीय बंबई उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका एवं रिट याचिका (दिनांक 19 जुलाई 2024) पर अंतिम निर्णय दे दिया है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर और वंचित वर्ग के लिए 25% ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, 7 जून 2024 को शनिवार, 20 जुलाई 2024 को निकाले गए ड्रा की चयनित सूची और प्रतीक्षा सूची को https://student.maharashtra.gov.in / adm_portal इस वेबसाइट पर जारी किया गया है। ठाणे जिले के कुल 643 पात्र स्कूलों में कुल 19568 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 9597 विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

# तहसील कार्यालय से डंपर चोरी

## डंपर मालिक पर जताया जा रहा शक

**दोपहर संवाददाता । भुसावल**

तहसील कार्यालय परिसर से जब्त किया हुआ डंपर चोरी होने से हड़कंप मच गया है। दरअसल अवैध खनिज परिवहन मामले में मंडल अधिकारी रजनी तायडे की टीम ने डंपर (क्र. MH19 Z5301) को अवैध परिवहन करते पाया था। जिसके बाद उस डंपर की परिसर से चोरी हो गई है। इस मामले में रजनी तायडे की शिकायत पर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

जानकारी के मुताबिक राजस्व विभाग परिक्षेत्र अधिकारी तायडे की टीम ने 12 जुलाई को रेत के अवैध परिवहन मामले में कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त कर लिया था। कार्रवाई के बाद इसे तहसील कार्यालय परिसर में रखा गया था। 19 की शाम तक वहां डंपर था, लेकिन 20 की सुबह 9.30 बजे ऑफिस स्टाफ को डंपर दिखाई नहीं दिया। कार्यालय और आसपास पूछताछ की गई, तो जानकारी नहीं मिल सकी। डंपर मालिक अबू मिर्जा और अजिता चौफुली रहवासी जलगांव और डंपर चालक साधन पथरवत रहवासी रसकेगांव पर संदेह है कि उन्होंने अनुमति के बिना डंपर चुरा लिया। रजनी तायडे ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

**रेत परिवहन करने वाले 4 वाहन जब्त**



तालिका में खनिज का अवैध परिवहन रोकने के लिए तहसीलदार नीता लाबड़े ने विशेष टीम का गठन किया है। इस टीम ने पिछले चार दिनों में रेत की 4 गाड़ियां जब्त की हैं। इस टीम में तलाथी और बोर्ड अधिकारी शामिल हैं। पिछले चार दिनों में राजमार्ग क्रमशः MH.19- Z.2404, MH.31 - CW 6334, MH.19 और MH.19 ZI 5301, - Z. डंपर व ट्रक क्रमांक 2794 को जब्त किया गया। इसके बाद संबंधित वाहनों के मालिक रंजीत नहावकर, शुभम सुनील पाटिल, अबू मिर्जा, राज मनोज कावड़े को 2 लाख 48 हजार 460 रुपये का जुर्माना नोटिस जारी किया गया। नायब तहसीलदार हेमंत गुरव, प्रभागाधिकारी रजनी तायडे, फिरोज शेख, प्रफुल्ल कांबले, प्रवीण पाटिल ने कार्रवाई की।

**जब्त किए गए 18 वाहनों की नीलामी की गई**

अवैध खनन के मामले में जब्त किए गए डंपर और ट्रक मालिक अगर जुर्माना नहीं भरते हैं, तो राजस्व विभाग इन वाहनों को नीलाम कर देता है। इसके तहत तहसीलदार नीता लाबड़े ने 18 वाहनों की नीलामी की। इससे सरकार को 31 लाख 30 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

# छगन भुजबल के लिए खतरे की घंटी

## शरद पवार गुट से अमृता पवार करेंगी मुकाबला



**दोपहर संवाददाता । नासिक**

शरद पवार मंत्री छगन भुजबल के विधानसभा क्षेत्र येवला में बड़ा राजनीतिक कदम उठाने की तैयारी में हैं। चर्चा है कि छगन भुजबल को हराने के लिए शरद पवार भाजपा नेता अमृता पवार की पार्टी में एंट्री कराकर उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट देने की तैयारी कर रहे हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए यह हकीकत है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कुछ भी हो सकता है।

लोकसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को अच्छी सफलता मिली है। शरद चंद्र पवार की पार्टी राकांपा के 10 में से 8 उम्मीदवार जीते हैं। सातारा से उम्मीदवार बहुत कम अंतर से हार गए। ऐसे में यह साफ है कि पार्टी प्रमुख शरद पवार ने जो रणनीति बनाई थी वह पूरी हो गई है। अब शरद पवार आगामी विधानसभा चुनाव में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी के नेताओं को बड़ा झटका देने की तैयारी में हैं। चर्चा है कि पहला निशाना शायद मंत्री छगन भुजबल हैं। क्योंकि छगन भुजबल के निर्वाचन क्षेत्र में शरद पवार भाजपा की अमृता पवार को अपनी पार्टी में शामिल कर सकते हैं। साथ ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि उन्हें येवला विधानसभा सीट से टिकट दिया जा सकता है।

# लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए भाजपा को केंद्र और राज्य से हटाना जरूरी: सांसद

**श्रावस्ती के सपा सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा का भिवंडी में भव्य स्वागत**

**दोपहर संवाददाता । भिवंडी**

उत्तर प्रदेश से लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती 58 के समाजवादी पार्टी लोकसभा सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा का आगमन भिवंडी शहर के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा उद्योगपति सलीम खान के आवास भिवंडी पर हुआ। जहां सांसद वर्मा का सभी लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जियाउल्लाह खान, पप्पू खान, इरफान खान, फुरकान खान, वसी उल्लाह खान, रिजवान खान, सुहेल खान, आरज़ू खान, अब्दुल्लाह खान, अब्दुर रहमान सहित अन्य लोग मौजूद थे। सपा




सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए केंद्र और उत्तर प्रदेश से भाजपा की सरकार को हटाना जरूरी हो गया है, जिसका स्पष्ट संकेत बीते लोकसभा चुनाव में जनता ने दे दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भारी बहुमत से समाजवादी पार्टी की जीत पर सभी का शुक्रिया अदा किया और कहा कि भाजपा की दमनकारी सरकार से जनता को जब तक देश और प्रदेश से मुक्ति नहीं मिल जाती तब तक हम सभी को संघर्ष करते रहना है, और महाराष्ट्र में भी सपा का जनाधार बढ़ाने की कार्यकर्ताओं से अपील की।

# मुंबई में भारी बारिश से रेल सेवा प्रभावित, यलो अलर्ट के साथ मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

मुंबई में लगातार हो रही भारी बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। बारिश का पानी रेलवे ट्रेक के आस पास जमा हो जाने से मध्य, हार्बर और पश्चिम रेलवे की लोकल सेवा भी देरी से चल रही है। मौसम विभाग ने शहर में पूरे सप्ताह के लिए यलो अलर्ट के साथ मछुआरों को समुद्र में न जाने की भी चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को सुबह 8 बजे तक शहर के कई इलाकों में भारी बारिश के साथ कुल 100 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश शिवड़ी कोलीवाड़ा में 114.20 मिमी, लोअर परेल में 112.20 मिमी, वडाला में 104.40 मिमी, गोवंडी में 110 मिमी और मानखुर्द में 104.6 मिमी दर्ज की गई है। इस दौरान मुंबई शहर में औसतन 63.56 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 49.68 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 38.18 मिमी बारिश दर्ज की गई। सप्ताह के बाकी दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी है। पिछले 24 घंटों में कोलाबा के मौसम केंद्र में 111 मिमी बारिश दर्ज की गई। सांताक्रूज़ में 79 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसी अवधि में शहर में औसत बारिश 90.56 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 87.14 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 92.81 मिमी बारिश हुई।



मुंबई में रविवार को सुबह से ही जोरदार बारिश जारी है। इसके चलते दादर, किंग सर्कल, चेंबूर, लालबाग आदि इलाकों में जलभराव हो गया है। अंधेरी सबवे, मालाड सबवे और मिलन सब वे में जल भराव हो गया है। इन सबवे में से यातायात रोक दिया गया है। मुंबई नगर निगमकर्मी इन सब वे पंपिंग के सहयोग से जलनिकासी का प्रयास कर रहे हैं। भारी बारिश से सड़कों पर जल जमाव हो गया है, जिससे सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। मुंबई नगर निगम ने आवश्यक काम होने पर ही लोगों को घर से निकलने की अपील की है।

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** किसी बात को न कहना ही वास्तविक बुद्धिमत्ता है : विलियम जेम्स डेफो

## दागी नेताओं को सदस्यता देकर भ्रष्टाचार को वैधता प्रदान कर रही है भाजपा: राकांपा (एसपी)

दोपहर संवाददाता | मुंबई



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने अपने नेता शरद पवार को 'भ्रष्टाचार का सरगना' कहे जाने पर रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा ने ही दागी नेताओं को सदस्यता देकर भ्रष्टाचार को वैधता प्रदान की है। राकांपा (एसपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रेस्टो ने कहा, 'वे राजनीतिक नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं और फिर जब वे लोग, जिन पर वे आरोप लगाते हैं, भाजपा में शामिल हो जाते हैं, तो उन्हें क्लीन चिट दे दी जाती है। यह भ्रष्टाचार को वैध बनाने की भाजपा की वॉशिंग मशीन प्रक्रिया है।' पुणे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता शाह ने शरद पवार को भ्रष्टाचार का 'सरगना' बताते हुए कहा कि उन्होंने देश में भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप प्रदान किया।

## एनसीबी ने कोडीन युक्त 'कफ सिरप' की 3,000 बोतलें जब्त की



### तीन लोग गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | मुंबई

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से कोडीन युक्त 'कफ सिरप' की 3,000 बोतलें जब्त की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई के अधिकारी ने बताया कि एस आर अहमद, एम असलम और वाई खान ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक ट्रांसपोर्ट फर्म से बोतलों का 'पार्सल' लेने के लिए जा रहे थे, तभी उन्हें पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा, 'प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि तीनों आरोपियों ने मुंबई में अवैध वितरण के लिए कोडीन युक्त कफ सिरप (सीबीसीएस) की बोतलें मंगवाई थीं। उन सभी की आपराधिक पृष्ठभूमि है और वे मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हैं।' पुलिस को संदेह है कि तीनों आरोपी एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का हिस्सा थे, जो सीबीसीएस बोतलों की अवैध तस्करी के लिए परिवहन सेवाओं का उपयोग कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि जब्त बोतलें लखनऊ से लाई गई थीं और जांच जारी है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र में 28 जुलाई से 3 दिवसीय दौरे पर



**मुंबई।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र में 28 जुलाई से 3 दिवसीय दौरे पर आने वाली है। इस दौरान वह कोल्हापुर के अंबाबाई का दर्शन करेंगी और फिर पुणे और मराठवाड़ा के दो जिलों का भी दौरा करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 30 जुलाई को नांदेड़ जिले में गुरुद्वारे में जाने वाली है। राष्ट्रपति के दौरे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार भी इन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय महाराष्ट्र दौरे की शुरुआत 28 जुलाई को कोल्हापुर के महालक्ष्मी मंदिर में दर्शन करने से होगी। इसके बाद राष्ट्रपति कोल्हापुर में ही सुवर्ण नगर में लिज्जत पापड़ कंपनी के स्वर्ण जयंती वर्ष के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। अगले दिन 29 जुलाई को राष्ट्रपति पुणे के सिम्बायोसिस कॉलेज के ग्रेजुएशन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। उसी दिन वह मुंबई में विधान परिषद के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी और मराठवाड़ा के दो जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कोल्हापुर, पुणे-मुंबई के साथ-साथ मराठवाड़ा के लातूर और नांदेड़ जिलों का भी दौरा करेंगी। 30 जुलाई को राष्ट्रपति नांदेड़ स्थित गुरुद्वारे का दौरा करेंगी। इसके बाद वह लातूर जिले के उदगीर के लिए रवाना होंगी और बुद्ध विहार के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी।

# मुंबई में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में हुआ जलभराव

### उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई और उसके उपनगरों में रविवार को भारी बारिश हुई जिससे विमान परिचालन बाधित हुआ और शहर के कई हिस्सों में सड़कें जलमग्न हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एक सूत्र ने बताया कि खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन दो बार संक्षिप्त अवधि के लिए रोका गया। शाम चार बजे तक कम से कम 15 उड़ानों का नजदीकी हवाई अड्डों की ओर मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। सूत्र ने बताया कि शहर में रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश के कारण 'रनवे' पर परिचालन दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए तथा दोपहर एक बजे से 1.15 बजे तक स्थगित कर दिया गया। सूत्र ने बताया कि इंडिगो, एयर इंडिया, विस्तारा और अकासा की उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अनुसार शाम चार बजे तक शहर में 82 मिमी, पूर्वी उपनगरों में 96 मिमी और पश्चिमी उपनगरों में 90 मिमी बारिश हुई। पश्चिमी और मध्य रेलवे दोनों मार्गों पर उपनगरीय रेल सेवाएं सामान्य रूप से जारी रहीं। हालांकि, मानखुर्द, पनवेल और कुर्ला स्टेशन के पास जलभराव के कारण हार्बर लाइन पर ट्रेन 15 से 20 मिनट देरी से चलीं। शहर के कई हिस्सों में जलभराव के कारण कुछ बसों का मार्ग परिवर्तित



किया गया। एक यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि डीएन नगर में अंधेरी भूमिगत मार्ग (सबवे) को बंद कर दिया गया है और दक्षिण की ओर जाने वाले लोगों को गोखले ब्रिज और उत्तर की ओर जाने वाले लोगों को ठाकरे ब्रिज के रास्ते भेजा गया है। अधिकारी ने बताया कि मध्य मुंबई के वडाला और माटुंगा में जलमग्न सड़कों पर कई वाहन फंसे गए।

## मुंबई में इन इलाकों से रहें दूर, भारी बारिश के बीच पुलिस की लोगों से अपील



**मुंबई।** मुंबई के कई इलाकों में इस वक्त भारी बारिश हो रही है। ऐसे में मुंबई पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे तटीय इलाकों में ना जाएं। इसके साथ ही यह भी अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी ना हो, घर से ना निकलें। दरअसल, मुंबई में बारिश के कारण जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है जिससे ट्रैफिक भी प्रभावित हुई है।

मुंबई पुलिस ने 'एक्स' पर अपील करते हुए लिखा, "मुंबई में हो रही भारी बारिश को देखते हुए, नागरिकों से अपील की जाती है कि वे तटीय इलाकों में ना जाएं और जरूरत पड़ने पर ही घर से निकलें। कृपया एहतियात बरतें और आपात स्थिति में 100 नंबर डायल करें।"

मौसम अच्छा होने के कारण पर्यटक भी मुंबई पहुंच रहे हैं और वे यहां के अलग-अलग टूरिस्ट पॉइंट पहुंच रहे हैं। इनमें से एक नरीमन पॉइंट और मरीन ड्राइव जैसे तटीय इलाके भी हैं जहां पर्यटकों की भीड़ जुट जाती है लेकिन प्रतिकूल मौसम के दौरान समुद्री इलाकों में जाना खतरे से खाली नहीं होता। इसलिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस लोगों को वैसे इलाकों से दूर रहने की सलाह देती है।

**मुंबई में तीन दिनों में 326 मिलीमीटर बारिश**

उधर, मुंबई में शनिवार को अंधेरी इलाके में एक सबवे पानी से भर गया था जिसे बंद करना पड़ा था तो वहीं एक इलाके में रिहायशी मकान का एक हिस्सा ढह गया था जिसमें एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। इसके साथ ही वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर भी पानी जम गया था। विले पार्ले के निचले इलाके भी जलमग्न हो गए थे। बारिश का यह कंडीशन आगे भी जारी रहने के आसार हैं। ऐसे में लोगों से एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है। मुंबई में बीते तीन दिन के अंदर 326 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। 20 जुलाई को आईएमडी के कोलाबा ऑब्जर्वेटरी में 111 मिलीमीटर और साताक्रुज ऑब्जर्वेटरी में 93 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी।

## सीएम ने मुंबई सहित कोंकण विभाग के जिलों में प्रशासन को अलर्ट रहने का आदेश दिया



**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों को मुंबई सहित कोंकण विभाग के सभी जिलों में भारी बारिश के मद्देनजर अलर्ट रहने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से रविवार मुंबई और कोंकण के कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए हर जिलों में प्रशासन को सतर्क रहना चाहिए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई कोंकण ही नहीं वर्षा प्रभावित हर जिले के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने जिलों में एसडीआरएफ, जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, नगर पालिका सतर्क रखें और नागरिकों की हरसंभव मदद करें। इसके साथ ही बारिश के मद्देनजर सभी प्रशासन सतर्क रहें, मौसम विभाग के साथ-साथ आपदा प्रबंधन सेल को भी समय-समय पर स्थिति से अवगत कराया जाए और उसके अनुसार योजना बनाकर संभावित आपदा क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर नागरिकों को इसके बारे में सचेत किया जाए।

## इस साल जनवरी से जून के बीच 1,267 किसानों ने आत्महत्या की

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में इस साल के शुरुआती छह महीने में 1,267 किसानों ने आत्महत्या की और इनमें से 557 मौतें राज्य के विदर्भ क्षेत्र के अमरावती मंडल में हुई हैं। राज्य सरकार की एक रिपोर्ट में दिये गए जनवरी से जून तक के आंकड़ों के अनुसार, छत्रपति संभाजीनगर मंडल 430 किसानों की मौत के साथ दूसरे स्थान पर है। नासिक मंडल में 137, नागपुर मंडल में 130 और पुणे मंडल में 13 किसानों की मौतें हुईं। तटीय कोंकण मंडल में किसी किसान के आत्महत्या करने का मामला सामने नहीं आया है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, 2022 में देश में किसानों द्वारा की गई आत्महत्या के 37.6 प्रतिशत मामले महाराष्ट्र से थे जो सर्वाधिक था। एनसीआरबी ने कहा कि 2022 में कृषि क्षेत्र से जुड़े 11,290 लोगों ने अपनी जान दे दी, जिनमें 5,207 किसान और 6,083 खेतिहर मजदूर थे। यह देश में आत्महत्या के कुल मामलों का



6.6 प्रतिशत है। साल 2021 में, कृषि कार्यों में शामिल 10,881 लोगों ने आत्महत्या की, जिनमें 5,318 किसान और 5,563 खेतिहर मजदूर थे। इनमें से 37.3 प्रतिशत मौतें महाराष्ट्र में हुईं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में कुल 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की और आत्महत्या करने वालों में कृषि कार्यों से जुड़े लोगों की संख्या 6.6 प्रतिशत थी। वर्ष 2020 में, कृषि क्षेत्र से जुड़े कुल 10,677 व्यक्तियों ने आत्महत्या की। इनमें 5,579 किसान और 5,098 खेतिहर मजदूर शामिल थे। यह देश भर में दर्ज किये गए आत्महत्या के मामलों का सात प्रतिशत था। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महाराष्ट्र का योगदान सर्वाधिक है।

## आरोपी को गिरफ्तारी के विषय लिखित बताने के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर अमल हो: हाईकोर्ट



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि प्रत्येक पुलिस अधिकारी को सभी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी करने से पहले उसे लिखित में गिरफ्तारी के आधार बताने चाहिए और उसके बाद ही उसकी गिरफ्तारी करनी चाहिए। यही देश का कानून है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे निर्धारित किया है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ के समक्ष पांडुरंग नाइक की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के बारे में केवल याचिकाकर्ता की मां को ही सूचित किया गया था। पुलिस द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया स्पष्ट रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22 के उप-खंड (1) का उल्लंघन है। किसी भी गिरफ्तारी में गिरफ्तारी के आधार को लिखित रूप में शीघ्रता से इंगित करके पालन सुनिश्चित करना चाहिए। जांच अधिकारी के हाथ में ऐसे सभी विवरण शामिल होने चाहिए, जिसके कारण आरोपी की गिरफ्तारी आवश्यक हो। पीठ ने याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी को अमान्य घोषित कर उसे रिहा करने का आदेश दिया। यह भी पढ़े -महाविकास आघाड़ी बताए मराठा समाज को कैसे देगी आरक्षण - बावनकुले अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता को गिरफ्तारी के आधार लिखित रूप में नहीं बताए गए थे। गिरफ्तारी फॉर्म में वह कॉलम भी नहीं भरा गया था, जिसमें गिरफ्तारी करने वाले अधिकारी को यह विवरण भरना होता है कि हिरासत में लिए जाने से पहले गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी के आधार और कानूनी अधिकारों के बारे में सूचित किया गया था या नहीं।

## मूसलाधार बारिश से कोंकण की कई नदियां खतरे के निशान के पार, प्रशासन सतर्क

**मुंबई।** रविवार को सुबह से ही हो रही मूसलाधार बारिश से कोंकण के सिंधुदुर्ग, रत्नागिरी और रायगढ़ जिले में कई नदियां खतरे के निशान को पार कर गई हैं। जिला प्रशासन की ओर नदियों के किनारे बसे गांवों को खतरे का सायरन बजाकर चेतावनी दी जा रही है और उन्हें सुरक्षित स्थल पर ले जाने की भी तैयारी की जा रही है। रत्नागिरी जिले में रविवार सुबह से हो रही जोरदार बारिश की वजह से जगबुड़ी नदी खतरे के निशान को पार कर चुकी है। रविवार शाम को नदी में आई बाढ़ का पानी खेड़ शहर में घुस गया है, जिससे व्यापारियों के सामान नष्ट हो गए हैं। इसके साथ लोगों के घरों में भी पानी घुस गया है। इसी तरह चिपलुन, गुहागर, दापोली, मंडनगढ़ शहरों में बारिश का पानी घुसने की संभावना जताई जा रही है। जिले में भारी बारिश से नारंगी नदी में बाढ़ आ गई है। इससे खेड़ दापोली मार्ग जलमग्र हो गया और खेड़ दापोली मार्ग पर यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। भारी बारिश से चिपलून में वशिष्ठी नदी में बाढ़ आने की आशंका है। वशती और शिव नदियां चेतावनी स्तर




से नीचे बह रही हैं लेकिन वशती नदी का पानी चिपलून शहर के नाइक कंपनी क्षेत्र में घुस गया है। चिपलून प्रशासन ने शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर सावधानी बरती है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर शहरवासियों को बाढ़ व बारिश के संबंध में जानकारी व निर्देश दिये जा रहे हैं।

रायगढ़ जिले में कल से भारी बारिश हो रही है। रायगढ़ जिले को दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। कल हुई भारी बारिश के कारण कई नदियां उफान पर हैं। रोहा में कुंडलिका नदी भी चेतावनी स्तर से ऊपर चले जाने के कारण अब यहां के नागरिकों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है। राजापुर की अर्जुन और कोडावली नदियां खतरे के निशान को पार कर गई हैं। रविवार सुबह से ही हर तरफ बारिश का कहर शुरू हो गया है और हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। रविवार सुबह से हो रही बारिश के कारण एक बार फिर बाढ़ का पानी बाजार में घुस गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिंधुदुर्ग जिले में भी रविवार को सुबह से भारी बारिश हो रही है। इससे यहां लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क यातायात प्रभावित हुआ है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्रमांक | 2024_एमसीजीएम_1055396_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | जीटीबी अस्पताल, शिवड़ी में टीबी रोगी सुरक्षा और होइस्ट के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराना और स्थापित करना |
| जांच शुल्क | रु.1320/-+(18% जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत/ (अनुमानित लागत) | आइटम दर निविदा |
| निविदा सुरक्षा जमा (ईएमडी) | रु.10,000.00 |
| निविदा जारी और बिक्री की तिथि | 22/07/2024 को सुबह 11.00 बजे से |
| अंतिम तिथि व समय निविदा बिक्री की और निविदा सुरक्षा जमा की रसीद | 29/07/2024 को शाम 04.00 बजे तक |
| बोली पूर्व बैठक | NA |
| पैकेट 'ए' खोलना | 30/07/2024 को शाम 04.20 बजे के बाद |
| पैकेट 'बी' खोलना | 30/07/2024 को शाम 04.22 बजे के बाद |
| पैकेट 'सी' खोलना | 02/08/2024 को सुबह 11.00 बजे के बाद |
| संपर्क के लिए पता | कार्यालयः<br>चिकित्सा अधीक्षक<br>जीटीबी अस्पताल,<br>जेरबाई वाडिया रोड,<br>शिवडी, मुंबई-400015. |
| बोली खोलने का स्थान | चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय ऑनलाइन। |

हस्ता./
चिकित्सा अधीक्षक, जीटीबीएच

पीआरओ/584/विज्ञा./2024-25

वृक्ष लगाएं, जीवन बचाएं।


संपादकीय

# कांवड़ यात्रा से पहले विवादास्पद फैसला

उत्तर प्रदेश पुलिस ने मुजफ्फरनगर और पश्चिमी यूपी के अन्य इलाकों में कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटल, ठेले पर फल या अन्य खाने-पीने का सामान बेचने वाले लोगों से मालिक और कर्मचारियों के नाम लिखकर लगाने को कहा है। और कम से कम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक इस विवादास्पद फैसले को वापस नहीं लिया गया है। कांवड़ यात्रा को लेकर पहले भी कई किस्म के धार्मिक पूर्वाग्रह देखे जा चुके हैं। जैसे कांवड़ यात्रा के लिए करीब 33 हजार पेड़ों को काटने का फैसला लिया गया, ताकि सड़क चौड़ी हो और श्रद्धालुओं को सुविधा हो। जब पेड़ों के काटे जाने पर विरोध दर्ज कराया गया तब राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने उन इलाकों की सेटेलाइट तस्वीर मांगी, जहां पेड़ काटे गए। लेकिन इस कार्रवाई से हरियाली पर चली कुल्हाड़ी बेअसर तो नहीं हुई। इसी तरह कुछ समय पहले कांवड़ियों पर यूपी के एक डीजीपी ने सरकारी हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए थे, जो सरासर प्रशासनिक दायित्व और नैतिकता का उल्लंघन था। सरकार और प्रशासन की ओर से लिए गए इन फैसलों को मानिसक दिवालियापन की श्रेणी में रखा जा सकता है। लेकिन अब जो फैसला लिया है, वह खुली चेतावनी दे रहा है कि भारत तेजी से नाजी दौर वाली जर्मनी के युग में धकेला जा रहा है। पाठकों को याद दिला दें कि जर्मन तानाशाह हिटलर के प्रचार मंत्री जोसेफ गोएबल्स ने मई 1938 में जर्मन यहूदियों के लिए 'सामान्य पहचान चिह्न' का सुझाव दिया था। जिसके बाद नाजी अधिकारियों ने 1939 और 1945 के बीच यहूदियों को पीले सितारे वाले बैज को लगाने का आदेश दिया था, ताकि उन्हें अलग से पहचाना जा सके और उनकी गतिविधियों पर नज़र रखी जाए। जो यहूदी अपनी पहचान बताने वाले बैज को नहीं पहनता था, उसे अपमानित और दंडित किया जाता था। पहचान के नाम पर नागरिकों में भेद करने का जो काम सौ साल पहले जर्मनी में हुआ, क्या वैसे ही किसी कृत्य के लिए आज के भारत में कोई स्थान होना चाहिए, यह एक गंभीर सवाल है, जिस पर सभी लोगों को विचार करना चाहिए। वैसे उप्र पुलिस के इस आदेश की निंदा होनी शुरु हो चुकी है। अखिलेश यादव और असद्दुदीन ओवैसी जैसे नेताओं ने इसकी भर्त्सना की है। माननीय न्यायालय से यह अपेक्षा जतलाई गई है कि वह इस संबंध में स्वतः संज्ञान लेगी। हालांकि उप्र पुलिस ने इस फैसले के पक्ष में दलील दी है कि यात्रियों को 'किसी भी भ्रम से बचने के लिए' ये निर्देश कांवड़ यात्रा रूट के लिए खासतौर पर जारी किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि ताकि कांवड़ियों के बीच कोई भ्रम न हो और भविष्य में कोई आरोप न लगे, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा हो। पुलिस ने दावा किया कि हर कोई अपनी मर्जी से इसका पालन कर रहा है। एक लचर तर्क यह भी दिया गया है कि इस आदेश का इरादा किसी भी प्रकार का 'धार्मिक भेदभाव' पैदा करना नहीं था, बल्कि केवल भक्तों को सुविधा देना था। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि, 'अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ बेचने वाले कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों का नाम इस तरह रखा, जिससे कांवड़ियों के बीच भ्रम पैदा हुआ और कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो गई।' अब सवाल यह है कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस की है या दुकानदारों की। अगर किसी को दूसरे धर्म के लोगों से खाद्य सामग्री खरीदने में धर्मभ्रष्ट होने का खतरा दिखता है, तो फिर ऐसे संकुचित मानसिकता के लोगों को यह भी पता कर लेना चाहिए कि जिस सड़क पर वो चलेंगे, उसे बनाने वाले कौन से धर्म के थे, जिन कपड़ों को वे पहनेंगे, उसका धागा कहां से आया, जिस कांवड़ को वे ढोएंगे, उसे किस जाति, धर्म के लोगों ने बनाया। रास्ते में जिन शामियानों के नीचे वो आराम करने बैठेंगे या जिन लाउड स्पीकरों पर वे तेज आवाज़ में अपनी भक्ति का प्रदर्शन करेंगे, उसे किन लोगों ने बनाया है। केवल विधर्मी दुकानदारों से सामान न खरीद कर क्या होगा, धर्मांधता का पालन करना है तो फिर सारे मापदंडों के साथ करें। कोरोनाकाल में तब्लीगी जमात के लोगों पर पहले कोरोना के प्रसार का इल्जाम लगाया गया, तब अस्पतालों में इसी तरह की शिनाख्त का सिलसिला शुरु हुआ। तब भी इन कार्यों की निंदा हुई, लेकिन छोटे पैमाने पर और समाज ने तब सरकार से इस नफरती कारोबार का हिसाब नहीं मांगा। नतीजा ये हुआ कि आर्थिक जेहाद का सिलसिला आगे भी चला और अब बात नाम से पहचान उजागर करने तक पहुंच गई है।

शख्सियत | मुकेश

## बॉलीवुड के अमर गायक




**मुकेश उर्फ मुकेश चंद्र माथुर एक बॉलीवुड पार्श्व गायक थे जो 1940 के दशक के अंत से 1970 के दशक की शुरुआत तक सक्रिय थे। उन्हें किशोर कुमार और मोहम्मद रफ़ी के साथ इस काल के तीन प्रमुख पुरुष पार्श्व गायक माना जाता है। हालांकि उन्हें एक पार्श्व गायक के रूप में जाना जाता था, लेकिन कभी-कभी उन्होंने अभिनेता, संगीत निर्देशक और निर्माता जैसी अन्य क्षमताओं में भी काम किया।**

मुकेश का जन्म 22 जुलाई 1923 को दिल्ली में रहने वाले एक छोटे मध्यम वर्गीय परिवार में मुकेश चंद माथुर के रूप में हुआ था। एक अभिनेता और दूर के रिश्तेदार मोतीलाल की नजर उन पर पहली बार पड़ी, जब उन्होंने अपनी बहन की शादी में गाना गाया था। अत्यंत प्रभावित होकर, मोतीलाल उन्हें बंबई में अपने घर ले आए और प्रसिद्ध गायक पंडित जगनाथ प्रसाद द्वारा उनकी देखभाल की। इस दौरान मुकेश ने अभिनय में हाथ आजमाया, लेकिन उनकी पहली अभिनय फिल्म निर्दोष (1942) फ्लॉप रही। हालांकि, एक गायक के रूप में उन्हें बड़ा ब्रेक पहली नज़र (1945) से मिला- मोतीलाल पर फिल्माया गया यह गाना सफल रहा।

प्रारंभ में, उनकी आवाज़ के.एल. की नकल करती हुई प्रतीत हुई। सहगल, लेकिन उन्होंने अंदाज़ (1949) में अपनी खुद की शैली हासिल की। यह फिल्म, एक भावुक प्रेम त्रिकोण, बेहद हिट रही और इसके सभी गाने, खासकर मुकेश के एकल भी हिट रहे। मुकेश के करियर की शुरुआत करने के साथ-साथ, उन्होंने प्रसिद्ध राज कपूर के साथ एक जुड़ाव बनाया जो उनके जीवन भर बना रहा। आवारा (1951), श्री 420 (1955), अनाड़ी (1959), संगम (1964) और मेरा नाम जोकर (1970)। 27 अगस्त 1976 में, संयुक्त राज्य अमेरिका में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान, मुकेश को डेट्रॉइट में अचानक, तेज और घातक दिल का दौरा पड़ा। बाद में, उनकी मृत्यु के बाद रिलीज़ हुई फ़िल्मों में उनके कई रिकॉर्ड किए गए गाने आए, जिनमें से आखिरी था राज कपूर की फ़िल्म सत्यम शिवम सुंदरमः लव सबलाइम (1978)।

# सौरमंडल को समझने का ज्ञान देता है चंद्रमा



योगेश कुमार गोयल

चंद्रमा की सतह पर मानव द्वारा पहली लैंडिंग की वर्षगांठ के रूप में वर्ष 2022 से 'अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस' मनाया जा रहा है। इस वर्ष तीसरा अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस 'छाया को रोशन करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इसका लक्ष्य आम जनता को यह बताना है कि स्थायी चंद्र अन्वेषण करना कितना महत्वपूर्ण है। जैसे-जैसे अधिक मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचेंगे, वैसे-वैसे इसका रहस्य उजागर होता जाएगा और छायाएं हमेशा के लिए प्रकाशित हो जाएंगी। इससे मानव जाति के लिए चंद्रमा की खोज और उससे लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

वर्ष 2023 में यह दिवस 'मानवता के लिए नई चंद्र यात्रा की शुरुआत' थीम के साथ मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस मनाने का आवेदन संयुक्त राष्ट्र कार्यालय फॉर आउटर स्पेस अफेयर्स को प्रस्तुत किया गया था। संयुक्त राष्ट्र समिति के 64वें सत्र के दौरान 2017 में बने एक गैर-सरकारी संगठन 'मून विलेज एसोसिएशन' ने बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर एक आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें 20 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस के रूप में नामित करने का अनुरोध किया गया था। दरअसल, 'मून विलेज एसोसिएशन' सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत तथा मून विलेज के विकास में रुचि रखने वाली जनता के लिए एक स्थायी वैश्विक अनौपचारिक मंच के रूप में कार्य करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 9 दिसम्बर, 2021 को इस एसोसिएशन तथा संगठन के भीतर कई अन्य समूहों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को मान्यता प्रदान की, जिसके बाद वैश्विक समुदाय द्वारा यह दिवस 20 जुलाई, 2022 को पहली बार मनाया गया।

भारत के लिए इस दिवस का महत्व बहुत ज्यादा है क्योंकि पिछले साल 14 जुलाई को चंद्र मिशन के तहत 'चंद्रयान-3' लांच किया गया था और चंद्रयान-3 मिशन के जरिये 23 अगस्त, 2023 को अंतरिक्ष क्षेत्र में एक अविस्मरणीय अध्याय लिखते हुए भारत ने ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा था, जिससे अभी तक दुनिया के तमाम देश कोसों दूर हैं। दरअसल चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के जिस बेहद रहस्यमय और गुमनाम दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखे थे, वह चंद्रमा का बेहद खतरनाक क्षेत्र माना जाता है। इस मिशन की सफलता के साथ ही भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला चौथा देश बन गया था।

चंद्रयान-3 मिशन की बड़ी सफलता के बाद इसरो अब चंद्रयान-4 मिशन को लांच करने की तैयारियों में जुटा है। भारत के इस चौथे मून मिशन को 2028 तक लांच किए जाने की संभावना है। चंद्रयान-4 को चांद से मिट्टी के नमूने लाने के लिए बनाया जा रहा है, जो 'शिव शक्ति' बिंदु से पृथ्वी पर चंद्र नमूने वापस लाएगा। अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस मनाने का उद्देश्य चंद्रमा के सतत उपयोग और अन्वेषण तथा चंद्र ग्रह पर और उसके आसपास की गतिविधियों के नियमों की आवश्यकता को शिक्षित करना और बढ़ावा देना है। वैसे यह जानना भी दिलचस्प है कि चंद्रमा पर 14-15 दिन तक सूर्य निकलता है और बाकी के 14-15 दिन अंधेरा रहता है।

यही नहीं, चंद्रमा का एक दिन हमारे 29.5 दिन के बराबर होता है। जहां तक 20 जुलाई को 'अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस' मनाए जाने की बात है तो 20 जुलाई, 1969 पूरी दुनिया के लिए एक ऐतिहासिक दिन था क्योंकि उस दिन पहली बार धरती से गए किसी इंसान ने चंद्रमा की सतह पर कदम रखा था। अमेरिकी अंतरिक्ष उड़ान 'अपोलो-11' मिशन के हिस्से के रूप में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले मानव थे। नील आर्मस्ट्रांग ने जब चंद्रमा की सतह पर पहला कदम रखा था, तब कहा था कि यह एक आदमी के लिए एक छोटा कदम है लेकिन मानव जाति के लिए एक बड़ी छलांग है। समस्त मानव जाति के लिए चंद्रमा पर पदार्पण एक ऐसा ऐतिहासिक कार्य था, जिसके बाद विज्ञान और अंतरिक्ष को देखने का दुनिया का दृष्टिकोण ही बदल गया।

दरअसल, हजारों वर्षों से मानव सभ्यताएं हमारे एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चंद्रमा की उत्पत्ति और रहस्यों पर विचार करते हुए आकाश की ओर देखती रही हैं। हालांकि, चंद्रमा की उत्पत्ति को लेकर वैज्ञानिकों द्वारा कई तरह के सिद्धांत दिए गए हैं, जिनमें से सर्वाधिक मान्य 'बिग इम्पैक्ट थ्योरी' ही है, जिसके अनुसार कई अरब वर्ष पूर्व मंगल ग्रह के आकार का एक पिंड हमारी पृथ्वी से टकराया और उस टकराव के परिणामस्वरूप पृथ्वी की ऊपरी सतह टूटकर अंतरिक्ष में बिखर गई।

पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण वह मलबा पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाने लगा और धीरे-धीरे एक पिंड के रूप में बदल गया और इस प्रकार पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह चंद्रमा का जन्म हुआ। पृथ्वी से हुई टक्कर के परिणामस्वरूप ही पृथ्वी अपने अक्ष से 23.5 डिग्री झुक गई और उसी के बाद पृथ्वी पर विभिन्न ऋतुओं का जन्म हुआ तथा पृथ्वी के घूर्णन में स्थिरता आई। उस टक्कर की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन के उद्भव के लिए अनुकूल पर्यावरण का जन्म हुआ। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के मुताबिक यदि हमें पृथ्वी को समझना है तो उसके लिए पहले चंद्रमा को समझना जरूरी है क्योंकि उसके बगैर हम अपने सौरमंडल को भी सही ढंग से नहीं समझ सकते।



**तुम आप अपने ही अन्दर अपनी स्वच्छता को देखो। अपना वरण करो। अपना स्वागत करो। अपनी इज्जत करो। अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाओ। अपने को ऊंचा उठाओ।**

सहज योग

# अपनी क्षुद्रता को देखते जाओ

अपनी क्षुद्रता को देखते जाओ। अपने छिद्रों को नापते जाओ। मैं तुम सब को सूर्य बनाना चाहती हूं। इसके सिवाय में और कुछ नहीं चाहती। जो लोग अभी तक इस चीज़ को नहीं समझ पाए हैं और जान नहीं पाए वो छोटी दृष्टि के हैं। उनमें वो विशालता नहीं आयेगी। लेकिन तुम लोग सब अपने को विशाल बनाओ। दूसरा चाहे छोटा हो जायें आप अपने को अलग अलग तरह से विशाल बनाओ। विशालता से ये सब क्षुद्रतायें जो हैं ये खत्म हो जायेंगी। अपनी ओर दृष्टि करने पर, अपने दोष देखने पर अपने को कोई कंडेम्न करने की जरूरत नहीं है। अपने को बुरा मानने की जरूरत नहीं है। क्योंकि वो भी एक तरीका भागने का है। ये बड़ा भारी भागने का तरीका बनाया है मनुष्य ने। ये मैं समझ गयी अब। उसका ऐसा तरीका है कि उसने ऐसा कह दिया कि 'मैं हूं ही खराब ! माताजी, मैं बहुत खराब आदमी हूं।' बसू वो तो बेशरम हो गए आप। जैसे कि कहते हैं कि हिपोक्रसी दुनिया में नहीं होनी चाहिए। बेशर्मों से हिपोक्रिस अच्छे होते हैं मेरे विचार से। बेशर्म जैसे रस्ते पर खड़े हो कर 'मैं बदमाश हूं। मैं किसी से डरता नहीं। मैं बदमाश हूं।' तो सभी बेशर्म हो गये उसके साथ में। इससे बेशर्मी बढ़ेगी। हिपोक्रसी से कम से कम बढ़ेगा नहीं मामला। बीच का रास्ता है। अपने दोषों को देखो। और जैसे बदन में कलंक लगाया है उसको पोछ दो। उसका बखान भी करने की मेरे पास जरूरत नहीं। ये तुम्हारा, तुम्हारे अंदर, तुम्हारे साथ, तुम्हारा मामला है। तुम अपने को ठीक कर लो।

ये तुम्हारा प्राइवेट मामला है। जब तक वो मेरी नज़र में नहीं आता मैं भी उसको नहीं कहती। नज़र आने पर भी मैं उसको नहीं कहती हूं। बहुत देर तक में रुकी ही रहती हूं। हां, लेकिन जब वो बहुत ही मारक हो जाता है, जब उसे सहजयोगी पर हाथ आने लग जाता है, दुसरों का नुकसान होने लगता है, तब किसी से कहती कि देखो करने की जरूरत नहीं है किसी तरह। ऐसा नहीं करो। कोई मेरे पास आ करके कन्फेशन करे। तुम आप अपने ही अन्दर अपनी स्वच्छता को देखो। अपना वरण करो। अपना स्वागत करो। अपनी इज्जत करो। अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाओ। अपने को ऊंचा उठाओ। अपना गौरव करो। गौरव करने योग्य बनो। जो भी तुम कर रहे हो, उससे क्या तुम्हारा गौरव हो गया या तुम्हारी बुराई हो गयी ये तुम खुद समझ सकते हो। इतनी अकल हर एक आदमी में है। लेकिन अब कोई भी चीज़ ऐसी नहीं करो जिससे की तुम्हें गौरव छोड़ना पड़े। अंधेरे में, कलियुग के घोर अंधेरे में, तारे बन के तुम्हें ही चमकना है। जितना अंधेरा गहनतम है, तारे बन के उसी में तुम्हें चमकना है।


प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा

विलियम जेम्स डेफो : जन्म 22 जुलाई, 1955 | जन्म

**अपने शानदार करियर में सौ से अधिक फिल्में बनाने के बाद, विलियम जेम्स डेफो को हमारे समय की कुछ सबसे प्रतिष्ठित फिल्मों में बहुमुखी प्रतिभा, निर्भीकता और साहस लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाता है। विलियम जेम्स डेफो का जन्म 22 जुलाई, 1955 को एपलटन, विस्कॉन्सिन में हुआ था। मानवीय स्थिति की खोज में उनकी कलात्मक जिज्ञासा उन्हें दुनिया भर की परियोजनाओं, बड़ी और छोटी, हॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ स्वतंत्र सिनेमा की ओर ले जाती है।**

# किसी बात को न कहना ही वास्तविक बुद्धिमत्ता है



सबसे बुरी बात उन लोगों से जुड़ना है जो कर रहे हैं उसके प्रति जुनूनी नहीं हैं। मैं कभी अभिनय नहीं करता। मैं बस उस असली जानवर को बाहर लाता हूं जो मेरे अंदर है। मुझे लगता है कि कुछ स्तर पर, जब आप थोड़े असंतुलित होते हैं, थोड़े डरे हुए होते हैं तो आप अपना सर्वश्रेष्ठ काम करते हैं। आपको रहस्य से, आश्चर्य से, न जानने से काम लेना होगा। किसी बात को न कहना ही वास्तविक बुद्धिमत्ता है। खुद को खोजने के लिए आपको खुद को खोना होगा। प्रदर्शन सहानुभूति विकसित करने के बारे में है, जो हमें दुनिया के व्यापक दृष्टिकोण की ओर ले जाता है और हमें करुणा विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है; ताकि हम एक-दूसरे को सांत्वना दे सकें और एक-दूसरे के प्रति इतने क्रूर न हों। महान थिएटर हमारे सोचने के तरीके को चुनौती देने और हमें उस दुनिया के बारे में कल्पना करने के लिए प्रोत्साहित करने के बारे में है जिसकी हम आकांक्षा करते हैं। किसी मूवी में ध्वनि बंद कर दें, और यदि आप बता सकें कि क्या चल रहा है, तो मूवी चलनी चाहिए। कार्य प्रेरणा को जन्म देता है उससे कहीं अधिक कि प्रेरणा कार्य को जन्म देती है। मैं हर बार काम करते समय अपने लिए चुनौतियां निर्धारित करता हूं। आदर्श रूप से मैं हर चीज़ को ऐसे देखता हूं जैसे कि यह पहली बार हो - एक नौसिखिया दिमाग और एक शौकिया प्यार के साथ। मैं प्रकृतिवाद के प्रति आकर्षित नहीं हूं, मैं व्यवहार के प्रति आकर्षित नहीं हूं, मैं नृत्य के प्रति आकर्षित हूं। मैं भाव-भंगिमा के प्रति आकर्षित हूं, मैं प्राकृतिक तरीके के विपरीत, आपकी आवाज़ के साथ गाने के प्रति आकर्षित हूं। मैं पहले एक थिएटर अभिनेता हूं, इसलिए संभवतः यह मेरे दृष्टिकोण को बहुत प्रभावित करता है। और मुझे लगता है कि कई मायनों में, प्रकृतिवाद ने फिल्मों को बर्बाद कर दिया है। मुझे लगता है कि वे अक्सर मुझे बुरे आदमी के रूप में पेश करते हैं, क्योंकि मैं पारंपरिक दिखने वाला नहीं हूं। मैं कुछ हद तक हिंसक दिखता हूं. मैं एक अनोखा व्यक्ति हूं, बाहरी व्यक्ति। जब आपके पास काम करने के लिए कुछ होता है, तो आप उसके साथ उड़ जाते हैं। मैं अपने बुढ़ापे में सीख रहा हूं कि अपनी समझदारी बनाए रखने के लिए आप जो एकमात्र काम कर सकते हैं, वह है वर्तमान में बने रहना। मैं किसी और से अलग नहीं हूं; मैं चाहता हूं कि लोग मुझे पसंद करें। मैं विशेष रूप से नहीं चाहता कि वे मुझे समझें।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# जैसा खाए अन्न वैसा बने मन



एक बार एक ऋषि ने सोचा की लोग पाप धोने के लिए सभी लोग गंगा जाते हैं। ऐसे में सारे पार गंगा में ही समा जाते हैं। इस तरह तो गंगा भी पापी हो जाएगी। उस ऋषि ने यह जानने के लिए आखिर पाप जाता कहां है, तपस्या की।

तपस्या करने के फलस्वरूप देवगण प्रकट हुए। तब ऋषि ने उनसे पूछा कि गंगा में जो पापा धोया जाता है वह कहां जाता है। तब भगवान ने कहा कि चलो गंगा जी से ही पूछते हैं इस बारे में। ऋषि और भगवान दोनों ने ही गंगा जी से पूछा कि हे गंगे! सब लोग तुम्हारे यहां पाप धोते हैं तो इसका मतलब क्या आप भी पापी हुईं

तब गंगा ने कहा कि मैं कैसे पापी हो गई। मैं तो सभी पाप लेकर समुद्र को अर्पित कर देती हूं। इसके बाद ऋषि और भगवान समुद्र के पास गए और उनसे पूछा कि हे सागर! गंगा सभी पाप आपको अर्पित कर देती है तो क्या ऐप आप पापी हो गए?

तब समुद्र ने कहा कि वो कैसे पापी हुआ। वो सभी सभी पाप को भाप बनाकर बादल बना देता है। अब ऋषि और भगवान दोनों ही बाद के पास गए। उनसे पूछा कि हे बादल! समुद्र पापों को भाप बनाकर बादल बना देते हैं तो क्या आप पापी हुए?

बादलों ने कहा, मैं कैसे पापी हुआ। मैं तो सभी पाप को वापस पानी बना देता हूं और धरती पर गिरा देता हूं। इससे ही अन्न उपजता है। इसे ही मानव खाता है। उस अन्न में जो अन्न जिस मानसिक स्थिति से उगाया जाता है और जिस वृत्ति से प्राप्त किया जाता है और जिस मानसिक अवस्था में खाया जाता है उसी के आधार पर मानव की मानसिकता बनती है।

यही कारण है कि कहा जाता है कि 'जैसा खाए अन्न, वैसा बनता मन।' जिस वृत्ति से अन्न प्राप्त किया जाता है और जिस मानसिक अवस्था में खाया जाता है, वैसा ही विचार मानव का बन जाता है। ऐसे में हमेशआ भोजन शांत रहकर ही ग्रहण करना चाहिए। अन्न जिस धन से खरीदा जाए वह धन भी श्रम का होना चाहिए।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# हवा और सूरज


एक बार हवा और सूर्य की बहस हो गयी। मैं तुमसे ज्यादा मजबूत हूं, हवा ने कहा। नहीं, तुम नहीं हो, सूर्य ने कहा। बस उसी समय, उन्होंने एक यात्री को



सड़क पर चलते देखा। वह एक शॉल लपेटे हुए था। सूर्य और हवा इस बात पर सहमत हो गये कि जो भी यात्री को अपनी शॉल से अलग करेगा वह अधिक मजबूत होगा। हवा ने पहली बारी ली। उसने कंधों से यात्री के शॉल को फाड़ने के लिए अपनी सारी ताकत लगा दी। लेकिन जितनी तेजी हवा ने दिखाई, उतने ही जोर से यात्री ने शॉल को अपने शरीर में जकड़ लिया। सूर्य की बारी आने तक संघर्ष चलता रहा। अब सूर्य की बारी थी।

सूर्य गर्म होकर मुस्कुराया। यात्री ने मुस्कुराते हुए सूर्य की गर्मी महसूस की। जल्द ही उसने शॉल को खुला छोड़ दिया। सूर्य गर्म और गर्म..... और गर्म हो गया। अब यात्री को अपने शॉल की जरूरत नहीं थी। उसने उसे उतारकर जमीन पर गिरा दिया। फिर सूर्य को हवा से अधिक मजबूत माना गया। क्रूर बल वह हासिल नहीं कर सकता जो एक कोमल मुस्कान कर सकती है।

सुविचार



**किसी पर भरोसा करना अच्छी बात है क्योंकि भरोसा ना करने से कमजोरी पैदा होती है।**

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# सावन का पवित्र महीना शुरू

## ऐसे करें शिव की आराधना, सारी मनोकामनाएं होंगी

आज से सावन का पवित्र महीना शुरू हो गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण माह की शुरुआत हर वर्ष श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से होती है और समापन श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि को होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव को सबसे प्रिय होता है। सावन के पूरे महीने में शिव भक्त भगवान शिव की पूजा-आराधना करके उन्हें प्रसन्न करते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आर्शीवाद प्राप्त करते हैं। शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव को मात्र एक लोटा जल और बेलपत्र अर्पित करके प्रसन्न किया जा सकता है। सावन माह में आने वाले हर एक सोमवार और शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है। सावन माह में कांवड़ यात्राएं निकाली जाती है। सावन माह में सभी शिव मंदिरों में भारी भीड़ एकत्रित होती है और विशेषकर सभी 12 ज्योतिर्लिंगों में भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। सावन माह के प्रारंभ होने के मौके पर आइए जानते हैं इस बार क्या-क्या खास रहेगा है।

### सावन सोमवार 2024 की तिथियां

सावन का पहला सोमवार व्रत- 24 जुलाई
सावन का दूसरा सोमवार व्रत- 29 जुलाई
सावन का तीसरा सोमवार व्रत- 05 अगस्त
सावन का चौथा सोमवार व्रत- 12 अगस्त
सावन का पांचवां सोमवार व्रत- 19 अगस्त

### सावन मंगला गौरी व्रत 2024

पहला मंगला गौरी व्रत - 23 जुलाई 2024
दूसरा मंगला गौरी व्रत - 30 जुलाई 2024
तीसरा मंगला गौरी व्रत - 6 अगस्त 2024
चौथा मंगला गौरी व्रत - 13 अगस्त 2024

### सावन का महीना इस बार क्यों है खास

इस बार सावन का पवित्र महीना बहुत ही विशेष होगा। दरअसल 72 वर्षों बाद सावन के महीने में दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है। इस बार सावन माह सोमवार के दिन आरंभ हो रहा है और इसका समापन भी सोमवार के दिन पर होगा। इस तरह से पूरे श्रावण माह में कुल 5 सावन सोमवार आएंगे। इससे अलावा पूरे सावन माह के दौरान सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि और रवि योग का संयोग रहेगा। वहीं ग्रहों की पोजिशन की बात करें तो सावन माह में कुबेर योग, शुक्रादित्य योग, गजकेसरी योग, शश राजयोग और लक्ष्मी नारायण योग का संयोग बनेगा।

| | |
|---|---|
| सावन महीने की शुरुआत | : 22 जुलाई 2024 |
| सावन महीने का समापन | : 19 अगस्त 2024 |
| सावन में शिव उपासना | : 29 दिन |
| सावन शुभ संयोग | : 72 वर्षो बाद सोमवार से सावन शुरू |
| सावन सोमवार | : इस वर्ष सावन में 5 सोमवार |
| मंगला गौरी व्रत | : 4 मंगला गौरी व्रत |

### सावन माह 2024 के व्रत-त्योहार

22 जुलाई 2024, सोमवार - पहला सावन सोमवार व्रत
23 जुलाई 2024, मंगलवार - पहला मंगला गौरी व्रत
24 जुलाई 2024, बुधवार - गजानन संकष्टी चतुर्थी व्रत
27 जुलाई 2024, शनिवार - कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी
29 जुलाई 2024, सोमवार - दूसरा सावन सोमवार व्रत
30 जुलाई 2024, मंगलवार - दूसरा मंगला गौरी व्रत
31 जुलाई 2024, बुधवार - कामिका एकादशी
05 अगस्त 2024, सोमवार - तीसरा सावन सोमवार व्रत
06 अगस्त 2024, मंगलवार - तीसरा मंगला गौरी व्रत, मासिक दुर्गाष्टमी
08 अगस्त, 2024, गुरुवार - विनायक चतुर्थी
09 अगस्त 2024, शुक्रवार - नाग पंचमी



12 अगस्त 2024, सोमवार - चौथा सावन सोमवार व्रत
13 अगस्त 2024, मंगलवार - चौथा मंगला गौरी व्रत, मासिक दुर्गाष्टमी
16 अगस्त, 2024, शुक्रवार - पुत्रदा एकादशी
19 अगस्त 2024, सोमवार - रक्षा बंधन, पांचवां सावन सोमवार व्रत, सावन समाप्त

### सावन माह का महत्व

- सावन का महीना भगवान शिव को सबसे प्रिय होता है
- सावन के महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा-आराधना होती है
- सावन में पड़ने वाले सोमवार पर व्रत रखा जाता है
- सावन के महीने में भोलेनाथ को बेलपत्र और जल चढ़ाना फलदायी
- सावन माह में भोलेनाथ के मंत्रों के जाप का महत्व
- सावन में कांवड़ यात्राएं निकाली जाती है

### भगवान शिव की प्रिय चीजें और इसके लाभ



- **गंगाजल :** शिवलिंग का गंगा जल से अभिषेक करने पर सुख-समृद्धि आती है।
- **केसर :** शिवलिंग पर केसर से अभिषेक करने पर शिवकृपा की प्राप्ति होती है।
- **गन्ने का रस :** आर्थिक परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए गन्ने के रस से करें अभिषेक
- **इत्रः** मानसिक तनाव दूर करने के लिए इत्र से करें शिवजी का अभिषेक
- **दूध :** दूध चढ़ाने से संतान की प्राप्ति होती है।
- **दही :** शिवलिंग पर दही से कार्यों मे बाधाएं दूर होती हैं।
- **घी :** अच्छी सेहत के लिए सावन के महीने में करें घी से भोलेनाथ का अभिषेक
- **चंदन :** सुख और शांति के लिए शिवलिंग पर चंदन का लेप लगाएं
- **शहद :** समाज में मान-सम्मान के लिए शहद से करें शिललिंग का अभिषेक
- **भांग :** कष्टों और बीमारियों से बचने के लिए भांग करें अर्पित

## रुद्राभिषेक का क्या महत्व है, घर में कैसे करें?

**देवाधिदव** महादेव का प्रिय महीना 22 जुलाई से 19 अगस्त 2024 तक रहेगा। इस साल शिव भक्तों को भोलेनाथ की आराधना करने के लिए 29 दिन का समय मिलेगा। सावन में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व बताया गया है। आइए जानते हैं सावन में रुद्राभिषेक करने का धार्मिक लाभ, विधि।

### सावन में रुद्राभिषेक का महत्व

शिवपुराण के अनुसार शिव के रूद्र अवतार का विधि पूर्वक रुद्राभिषेक करने से मनुष्यों को जीवन के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। धन में बढ़ोत्तरी के लिए सावन सोमवार के दिन रुद्राभिषेक करना शुभ होता है। सावन में रुद्राभिषेक करना कालसर्प दोष (Kaal sarp dosh) दूर करने के लिए सबसे उत्तम माना गया है। राहु (Rahu) और केतु के अशुभ प्रभाव कम होते हैं

पति-पत्नी यदि साथ में घर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक करें



तो उनके दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ती है।

सावन पर रुद्राभिषेक करने से ग्रहों के अशुभ प्रभाव को भी कम किया जा सकता है। शनि की महादशा से पीड़ित लोगों को सावन में रुद्राभिषेक जरुर करना चाहिए।

### मां पार्वती ने किया शिव को प्रसन्न

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए सावन के महीने कठोर तपस्या की थी, अन्न-जल का त्याग कर भोलेनाथ का ध्यान, रुद्राभिषेक किया था। इसके परिणाम स्वरूप देवी पार्वती को शिव जी पति रूप में मिले।

### घर में कैसे करें रुद्राभिषेक?

- सावन सोमवार पर आप मंदिर या घर पर भी शिवलिंग का रुद्राभिषेक कर सकते हैं।
- रुद्राभिषेक से पूर्व भगवान गणेश, माता पार्वती, ब्रह्मदेव, मां लक्ष्मी, नवग्रह, पृथ्वी माता, अग्नि देव, सूर्य देव और मां गंगा का ध्यान कर उनकी पूजा करें।
- जो लोग रुद्राभिषेक कर रहे हैं उनका मुंह पूर्व दिशा की तरफ होना चाहिए।
- श्रृंगी (अभिषेक करने का यंत्र) में गंगाजल डालकर शिवलिंग पर अर्पित करें। इस दौरान ऊं नमः शिवाय मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें।
- अब दूध, दही, घी, शहद, गन्ने का रस, इत्र महादेव को चढ़ाएं।
- अब सफेद चंदन का लेप बनाकर शिवलिंग का श्रृंगार करें।
- शिव को प्रिय वस्तु पान का पत्ता, अक्षत, अबीर, सुपारी, बेलपत्र, रोली, मौली, भांग, जनेऊ, धतूरा, आक के फूल, भस्म, नारियल आदि उन्हें अर्पित करें और भगवान को फल और मिठाई का भोग लगाएं।
- अंत में आरती करें और अभिषेक के जल को पूरे घर में छिड़क दें।




## सावन के पहले दिन 5 राशिवालों को होगा लाभ नई उपलब्धि, जॉब समेत मिलेंगे कई सौगात!

इस साल सावन का आज पहला दिन है। सोमवार होने के कारण यह और भी शुभ दिन है क्योंकि सावन सोमवार व्रत अनेक मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है। सावन का पहला सोमवार 5 राशि के जातकों के लिए शुभ फलदायी हो सकता है। उनको कुछ खुशखबरी मिल सकती हैं, नई जॉब का प्रस्ताव मिल सकता है तो वहीं उनके दुश्मनों की हार होगी। उनकी साजिशें नाकाम होंगी। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय पुरी के ज्योतिषाचार्य डॉ। गणेश मिश्र से जानते हैं कि सावन का पहला दिन किन राशि के जातकों के लिए शुभ है?




### इन राशियों के लिए है शुभ!

**मिथुन राशि :** सावन का पहला दिन मिथुन वालों के लिए नई अवसर लेकर आएगा। खासकर व्यापारी वर्ग के लोगों को उस दिन बड़ा फायदा हो सकता है। वे आपके काम का विस्तार सफलतापूर्वक कर सकते हैं। उस दिन आप आनंद से रहेंगे और दोस्तों के साथ समय व्यतीत करेंगे। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**सिंह राशि :** सावन के पहले दिन भगवान शिव की कृपा से आपकी राशि के लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। इतना ही नहीं, उस दिन आपको नई नौकरी का भी प्रस्ताव भी मिल सकता है। जो लोग रोजगार के तलाश में हैं, उनको खुशखबरी मिल सकती है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा और नए लोगों से मुलाकात होगी। उस दिन आप दुश्मनों पर हावी रहेंगे। बुद्धि के बल पर आपका दबदबा कायम रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** श्रावण मास का पहला दिन आपकी राशि के लिए सरकारी मदद की प्राप्ति का है। आपको इस दिन कोई अच्छी खबर सुनने को मिलेगी। काम के सिलसिले में किया गया प्रयास सफल हो सकता है। परिवार के बीच अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आपको मम्मी और पापा से कुछ बढ़िया सुझाव मिलेगा, जो आपके काम आएगा। शिव कृपा से मन खुश रहेगा, तनाव से दूर रहेंगे।



**धनु राशि :** सावन का पहला दिन आपके लिए बिजनेस में उन्नति करने वाला होगा। अचानक से आपकी अटकी योजनाएं आगे बढ़ सकती हैं, जो तरक्की की राह खोल सकती है। इस दिन आप नया काम शुरू कर सकते हैं, जो आगे चलकर आपको फायदा देगी। इस दिन आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति, पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर राशि :** शिव की कृपा से सावन के पहले दिन आपके दुश्मनों का अंत हो सकता है। उनकी साजिशें विफल होंगी। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। कामकाज के लिए यह दिन अच्छा कहा जा सकता है। वर्कप्लेस पर लोगों का सहयोग मिलेगा। इस दिन आप अपने स्किल्स को और निखारेंगे।

## खबर संक्षेप

### दीवार गिरने से हैंडपम्प पर नहा रही बालिका की मौत, दो बहनें गम्भीर

**मीरजापुर।** चील्ह थाना क्षेत्र के अनिरुद्धपुर पूरब पट्टी गांव में दीवार गिरने से हैंडपंप पर नहा रही 12 वर्षीय बालिका की मौत हो गई। जबकि दो बहनें घायल हो गई। पुलिस बालिका के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। चील्ह थाना क्षेत्र अंतर्गत अनिरुद्धपुर पूरब पट्टी गांव में अपने घर के पास स्थित हैंडपंप पर आस्था (12) अपनी चचेरी बहन चंदा (17) और अंजली (14) के साथ नहा रही थीं। हैंडपंप के पास एक मकान की दीवार उन पर गिर गई। जिसके तीनों मकान के मलबे के नीचे दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह से तीनों को बाहर निकाला गया। परिजन तीनों को भदोही के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सक ने आस्था को मृत घोषित कर दिया। जबकि चंदा व अंजली का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी चील्ह रीता यादव ने बताया कि आस्था के पिता लल्लन यादव की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार, रुपए बरामद



**कौशांबी।** सैनी पुलिस ने ऑनलाइन कारोबार में लाखों कमाने का झांसा देकर ठगी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पीड़ित कारोबारी से ठगी की पूरी रकम वापस दिलाई है। सैनी के पारस गांव का रहने वाला मोहम्मद फैज ऑनलाइन कंपनियो से कांट्रैक्ट लेकर काम करता है। अगस्त 2023 को फैज के पास एक नंबर से काल आई। जिसने खुद को जोमैटो फूड कंपनी का सेल्स एजेंट बताया। कंपनी से जुड़कर कारोबार का प्रस्ताव काल करने वाले व्यक्ति ने दिया। इसके लिए आरोपी ने कंपनी की एक फर्जी आईडी बना रख थी। कुछ जरूरी एहतियात के बाद मो. फैज ने कारोबार का फैसला कर आरोपी युवक के झांसे में आकर उसे एक के बाद एक कर 2,79,891 रुपये भेज दिये। इस दौरान आरोपी युवक ने उन्हे काम के बदले लाखों रुपये का लाभ देने का प्रलोभन दिया था।

# संदिग्ध बीमारी से एक ही परिवार के 3 की मौत, दहशत में लोग



एजेंसी । श्रावस्ती

श्रावस्ती के तहसील जमुनहा क्षेत्र के रामपुर गांव में संदिग्ध बीमारी से एक ही परिवार के दो सगे भाई-बहन समेत तीन की मौत हो गई। जबकि परिवार के चार लोगों का सीएचसी में इलाज किया जा रहा है। इस खबर से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। वहीं, सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के लिए पानी का सैंपल भेज दिया है। साथ ही इलाके में एंटी लार्वा का भी छिड़काव कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक तहसील जमुनहा क्षेत्र के रामपुर गांव में एक सप्ताह पहले संदिग्ध बीमारी के चलते गिरधारी की 10 वर्षीय पुत्री करिश्मा को उल्टी- दस्त की शिकायत शुरू हुई थी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया गया था। जहां से उसे अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया। वहीं, भिनगा से भी उसे गंभीर हालत में रेफर किया गया और गुरुवार को उसकी मौत हो गई। वहीं, इसके बाद करिश्मा के भाई रिंकू की भी हालत बिगड़ गई।जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर पहुंचाया गया। जहां से इलाज के बाद परिजन उसे घर ले आये, लेकिन अगली सुबह उसकी भी मौत हो गई। जबकि इसके अगले दिन मृतक भाई-बहन की बड़ी मां शीला की भी हालत बिगड़ गई। जिसे परिजन अस्पताल ले गए, जहां इलाज के बाद उसे भी वापस घर लेकर आए और उसकी भी मौत हो गई।

### परिवार के 4 अन्य सदस्य भी संक्रमित

इसी परिवार के 4 अन्य लोगों की भी संदिग्ध बीमारी के चलते अचानक तबीयत खराब हो गई थी। जिन्हें आस-पास के लोगों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर पहुंचाया। जहां पर उनका इलाज किया गया। मामले में ग्रामीणों ने हर तरफ गंदगी फैलने की वजह से डायरिया फैलने की भी आशंका व्यक्त की है। ग्रामीणों की सूचना पर गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें जरूरी दवाएं दी। मामले जिलाधिकारी अजय द्विवेदी का कहना है कि गांव के लोगों को दवाएं दी गईं हैं और सैंपल भी भेजवा दिया गया है। ऐसे में रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि मौत किस वजह से हुई है।

### हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से किसान सहित दो लोगों की मौत



एजेंसी । देवरिया

जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में रविवार को हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से अन्नदाता (किसान) सहित दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दिया। बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरइठा के रहने वाले धनश्याम मिश्रा (24) पुत्र बच्चा अन्नदाता खेत में काम करते समय ग्यारह हजार हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से अचेत हो कर खेत में गिर गए। परिवार के लोगों ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचीपुलिस ने विधिक कार्रवाई की। दूसरी तरफ रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के छीतही बाजार के रहने वाले सुधीर कुमार (24) पुत्र राम समूझ हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में गोपेश्वर नाथ मंदिर में घुसने, वहां हंगामा करने और मूर्तियों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (शहर) राहुल भाटी ने बताया कि आरोपियों की पहचान शाहरुख, अरशद और अकरम के तौर पर हुई है। भाटी ने बताया कि घटना सुबह की है जब तीनों वहां पहुंचे और हंगामा करने लगे तथा देवी-देवताओं की मूर्तियों को



नुकसान पहुंचाने लगे। उन्होंने बताया कि बाद में दो लोग मौके से भागने में सफल रहे जबकि अकरम को लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।

भाटी ने बताया कि कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फरार अन्य दोनों को भी पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि अकरम को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाटी के मुताबिक, मामले की विस्तृत जांच की जा रही है तथा पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## लापता व्यक्ति का शव तालाब में मिला



एजेंसी । कौशाम्बी

कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में तीन दिनों से लापता शख्स का शव रविवार को गांव के बाहर तालाब में तैरता मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना कोखराज के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) इंद्रदेव ने बताया कि थाना क्षेत्र के जमाल मऊ गांव निवासी महेंद्र सरोज (36) तीन दिन पहले शौच के लिए घर से बाहर निकला था और उसके बाद से वह लापता था। उन्होंने कहा कि परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की मगर कुछ पता नहीं चला। इंद्रदेव ने बताया कि आज ग्रामीणों ने उसका शव गांव के बाहर एक तालाब में देखा जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथा परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

## प्रेमी की हत्या कर शव के किए 4 टुकड़े, फिर सहेली के घर दफनाया

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ की एक महिला की करतूत से उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा की पुलिस हैरान है। जिले के फतनपुर थाना क्षेत्र के सुवंसा निवासी विनोद और उसकी पत्नी पुष्पा हरियाणा के गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में काम करते थे। वहां पुष्पा का बिहार के मुनियारी डेम निवासी शिवनाथ (45) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुष्पा शिवनाथ से पीछा छुड़ाना चाहती थी।एक महीने पहले पुष्पा कंपनी से छुट्टी लेकर घर चली आई और कुछ दिनों बाद प्रेमी शिवनाथ भी सुवंसा आ गया। पुष्पा ने उसे अपनी सहेली पूनम के घर ठहराया। पुष्पा ने अपने पति विनोद, सहेली पूनम और उसके पति चिंतामणि की मदद से शिवनाथ की गला रेतकर हत्या कर दी। फिर शव के तीन टुकड़े कर पूनम के घर के पीछे दफना दिया। घटना को अंजाम देने के बाद विनोद और पुष्पा फिर से गुरुग्राम नौकरी करने चले गये। शिवनाथ के गायब होने पर बिहार से उसके परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। एक सप्ताह पहले हरियाणा के सतर थाने की पुलिस ने पुष्पा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसमें वह टूट गई और हत्या की बात स्वीकार कर ली। हरियाणा के सतर थाने की पुलिस




पुष्पा को लेकर फतनपुर पहुंची। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में स्थानीय पुलिस ने पूनम के घर में दफनाए गए शिवनाथ का शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पूनम के घर से ही हत्या में प्रयुक्त बांका भी बरामद कर लिया। वहीं मृतक के बेटे का आरोप है पिता को कई टुकड़े में काट कर हत्या कर दी गई। मृतक को पुष्पा ने फंसा लिया गया था। उनसे कई हजार रुपये भी लिए थे। शादी के बहाने घर बुला कर पिता शिवनाथ की पुष्पा ने हत्या कर दी।मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह ने बताया कि हत्यारोपी पुष्पा और उसके पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं घटना में शामिल पूनम और चिंतामणि फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

# व्यापार जगत

### हीरो मोटोकॉर्प चालू वित्त वर्ष में किफायती इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी



नई दिल्ली। दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में अगृणी स्थान पर नजर रखते हुए कहा है कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में किफायती मॉडल पेश करने की योजना बना रही है। देश की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के आगमन की भी उम्मीद है। गुप्ता ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी की वार्षिक बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि दोपहिया कंपनी के पास अपने इलेक्ट्रिक वाहन खंड को तेजी से बढ़ाने की पूरी योजना है। उन्होंने कहा, "हम ईवी खंड में अगृणी बनना चाहते हैं। और ऐसा करने के लिए हम एक बहुत शक्तिशाली ईवी उत्पाद पोर्टफोलियो बनाएंगे, जो कि आज हमारे पास मौजूद विडा वी1 प्रो को बढ़ाएगा।गुप्ता ने कहा कि कंपनी चालू वित्त वर्ष (2024-25) में मध्यम और किफायती खंड में ईवी उत्पाद पेश करेगी। हीरो मोटोकॉर्प की 'विडा' इलेक्ट्रिक स्कूटर रेंज की कीमत राज्य सब्सिडी सहित 1-1.5 लाख रुपये के बीच है। हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी चेयरमैन पवन मुंजाल ने ' कहा कि एथर एनर्जी के साथ मिलकर 'विडा' ने दोपहिया ईवी के लिए भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचा स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ज़ीरो मोटरसाइकिल के साथ साझेदारी से एक विशिष्ट ग्राहक वर्ग को लक्षित करके नई ईवी मोटरसाइकिलों के विकास में मदद मिलेगी, जिससे समग्र बाजार का आकार बढ़ेगा।

## उद्योग का दर्जा, जीएसटी रियल एस्टेट डेवलपर्स के लिए बजट की मुख्य चिंता

एजेंसी । नोएडा


पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रियल एस्टेट डेवलपर को उम्मीद है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट में उनके क्षेत्र को 'उद्योग' का दर्जा दिया जाएगा, ताकि उन्हें कोष तक आसान पहुंच मिल सके और सीमेंट पर 28 प्रतिशत कर सहित जीएसटी से जुड़ी समस्याओं का समाधान हो सके। डेवलपर सरकार से वित्तीय प्रोत्साहनों के रूप में आगे भी समर्थन की मांग कर रहे हैं। इसमें आगामी बजट में मजबूत नियामक ढांचे, सुव्यवस्थित अनुमोदन प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उद्योग संगठन क्रेडाई के पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव दिनेश गुप्ता ने कहा कि कर प्रोत्साहन, बेहतर कर ढांचे और एकल खिड़की मंजूरी नीति के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा



देने से घरेलू और विदेशी दोनों स्रोतों से और अधिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। भूटानी समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष भूटानी ने कहा कि देश के रियल एस्टेट क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान यूरोप या चीन की तुलना में काफी कम है और उन्होंने इसे 2047 तक 30 प्रतिशत तक ले जाने की वकालत की। इरोस ग्रुप के निदेशक अवनीश सूद ने कहा कि रियल एस्टेट को उद्योग का दर्जा मिलना और किफायती आवास के लिए प्रोत्साहन मिलना प्रमुख अपेक्षाएं हैं।

मिगसन समूह के प्रबंध निदेशक यश मिगलानी ने कहा कि प्रमुख उपभोग्य वस्तु सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत है, जो कुल सीमेंट लागत का लगभग एक तिहाई है। यह एक बड़ी चिंता का विषय है। इस बीच रियल एस्टेट परामर्श कंपनी एनारॉक ने कहा है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान भूमि अधिग्रहण धीमा रहा और इस अवधि के दौरान 325 एकड़ भूमि के केवल 25 सौदे ही पूरे हुए। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण ऊंची कीमतें और आम चुनाव थे। इसके विपरीत, एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 29 भूमि सौदे हुए थे, जिनमें 721 एकड़ भूमि शामिल थी।एनारॉक ने बताया कि आम चुनावों और भूमि की बढ़ती कीमतों के कारण 2024 की दूसरी तिमाही में डेवलपर्स और अन्य संस्थाओं के लिए भूमि अधिग्रहण की इच्छा कम हो गई है।

### वेदांता को कर्नाटक, बिहार में दो महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक मिले




एजेंसी । नई दिल्ली

वेदांता लिमिटेड को कर्नाटक और बिहार में दो महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक मिले हैं, जिन्हें बिक्री के लिए रखा गया था। कंपनी ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा,'कंपनी को गोला राहट्टी-मल्लेनहल्ली निकेल क्रोमियम और पीजीई ब्लॉक तथा जेनजाना निकेल, क्रोमियम और पीजीई ब्लॉक के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया है।' खान मंत्रालय ने कर्नाटक में गोल्लाराहट्टी-मल्लेनहल्ली निकेल क्रोमियम और पीजीई ब्लॉक को बिक्री के लिए रखा है, जो अन्वेषण के जी4 स्तर पर है, तथा बिहार में जेनजाना निकेल-क्रोमियम और पीजीई ब्लॉक को बिक्री के लिए रखा है, जो अन्वेषण के जी3 स्तर पर है। किसी भी खनिज भंडार के अन्वेषण में चार चरण शामिल होते हैं – सर्वेक्षण (जी4), प्रारंभिक अन्वेषण (जी3), सामान्य अन्वेषण (जी2) और विस्तृत अन्वेषण (जी1)। इनमें से एक ब्लॉक को महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी के दूसरे दौर में बिक्री के लिए रखा गया था, जबकि दूसरे ब्लॉक को तीसरे दौर में नीलामी के लिए रखा गया था।



## एयरबस ने भारत में एच125 हेलीकॉप्टर की अंतिम निर्माण श्रृंखला के लिए आठ स्थानों की छंटनी की

**मैरिग्नेन (फ्रांस।** यूरोप की प्रमुख कंपनी एयरबस ने एच125 हेलीकॉप्टरों के लिए अपनी अंतिम निर्माण श्रृंखला स्थापित करने के लिए भारत में आठ स्थानों की छंटनी की है। इस संयंत्र के लिए, शिलान्यास समारोह इस साल के अंत में होने की उम्मीद है। एयरबस के अधिकारियों ने कहा कि यह संयंत्र एक इंजन वाले एच125 के लिए चौथी और अंतिम निर्माण श्रृंखला (एफएएल) होगा। यहां शुरू में सालाना 10 हेलीकॉप्टरों का उत्पादन होगा और बाजार की मांग के आधार पर क्षमता बढ़ाई जाएगी। एयरबस हेलीकॉप्टर्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष (वैश्विक व्यवसाय) ओलिवियर मिशेलन ने कहा, 'भारत हेलीकॉप्टरों के लिए भविष्य का बाजार है इस समय बाजार बेहद शुरुआती अवस्था में है, और यह संभावित क्षमता की तुलना में बहुत छोटा है।' एफएएल के लिए भूमिपूजन समारोह इस साल अक्टूबर या नवंबर में होने की उम्मीद है और यह संयंत्र 2026 में चालू हो जाएगा तथा 2026 के अंत में हेलीकॉप्टर तैयार होने लगेंगे। उन्होंने कहा, "हमने आठ स्थानों की पहचान की है, जिनका हम इस समय मूल्यांकन कर रहे हैं। हम अभी भी मूल्यांकन के अंतिम चरण में हैं। हम जल्द ही इसकी घोषणा कर सकते हैं।' एयरबस के लिए, एच125 भारत के साथ ही दक्षिण एशिया क्षेत्र में सबसे अधिक बिकने वाला हेलीकॉप्टर है। एयरबस ने अगले 20 वर्षों में भारत और पड़ोसी देशों में ए125 हेलीकॉप्टरों की मांग 500 तक होने का अनुमान लगाया है। भारत और दक्षिण एशिया में एयरबस हेलीकॉप्टर के प्रमुख सनी गुगलानी ने कहा, "हम हर साल 10 हेलीकॉप्टरों का लक्ष्य बना रहे हैं और जैसे-जैसे मांग बढ़ेगी, हम इसे बढ़ा सकते हैं।

# हरमनप्रीत और ऋचा का अर्धशतक

# भारत ने यूएई को 78 रन से हराया

**एजेंसी । दाम्बुला**

गत चैम्पियन भारतीय महिला टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष (नाबाद 64) के अर्धशतकों के बाद कसी गेंदबाजी से रविवार को यहां महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट मैच में अपना रिकॉर्ड स्कोर बनाकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रन से शिकस्त दी। सात बार की चैम्पियन भारत ने अपने पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था और अब लगातार दूसरी जीत से सेमीफाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। दो जीत से भारत ग्रुप ए में चार अंक से शीर्ष स्थान पर है जिसमें उसका नेट रन रेट +3.298 है। भारत अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप मैच में मंगलवार को नेपाल से भिड़ेगा। भारत ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जो एशिया कप का रिकॉर्ड स्कोर भी है। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद यूएई को 20 ओवर में सात विकेट पर 123 रन पर रोक दिया। उसके लिए कप्तान ईशा ओझा (38 रन) ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें सहयोग नहीं मिला। कविशा एगोडगे ने नाबाद 40 रन बनाये। भारत ने पांच गेंदबाजों का इस्तेमाल किया जिसमें सभी ने कम से एक एक विकेट लिया। अनुभवी गेंदबाज दीप्ति शर्मा ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट झटके। रेणुका सिंह (30 रन देकर एक विकेट) और पूजा वस्त्रकार (27 रन देकर एक विकेट) की तेज गेंदबाज जोड़ी ने तीर्था सतीश (04) और ऋणीता रजीत (07) को आउट किया जिससे यूएई का स्कोर 5.2 ओवर में 2 विकेट पर 24 रन हो गया। इसके बाद दीप्ति ने अपनी तीसरी गेंद पर समायरा धरनीधरका (05) को आउट किया। लेकिन ओझा और कविशा एगोडगे ने कुछ मनोरंजक शॉट खेले और अगले तीन ओवर में 20 रन बनाए। चोटिल श्रेयंका पाटिल की जगह अंतिम एकादश में शामिल तनुजा कंवर (14 रन देकर एक विकेट) ने ओझा को स्टंप आउट कर दिया जबकि राधा यादव (29 रन देकर एक विकेट) ने खुशी शर्मा (10) को आउट किया जिससे 16वें ओवर में उनका स्कोर पांच विकेट 95 रन हो गया। इसके बाद हीना होतचंदानी (08) दीप्ति का दूसरा शिकार बनीं और ऋतिका रजीत आखिरी गेंद पर रन आउट हो गईं। इससे पहले 35 वर्षीय हरमनप्रीत पूरी तरह से दबदबा बनाये थीं, उन्होंने 47 गेंद की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का जड़ा। हरमनप्रीत ने इस तरह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 12वां अर्धशतक जड़ा जो कप्तान के तौर पर उनका 11वां पचासा है। ऋचा ने 'फिनिशर' की भूमिका अच्छी तरह निभाते हुए 29 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का जड़ा।



### ऋचा का टी20 में पहला अर्धशतक

ऋचा का यह टी20 में पहला अर्धशतक है। हरमनप्रीत ने दो महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई जिसमे पहले जेमिमा रोड्रिग्स के साथ 39 गेंद में 54 रन की चौथे विकेट की भागीदारी और पांचवें विकेट के लिए ऋचा के साथ 45 गेंद में 75 रन की साझेदारी शामिल रहीं। भारत ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहली बार 200 रन के स्कोर का आंकड़ा पार किया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (13 रन) ने एक छक्का और एक चौका जड़कर भारत को अच्छी शुरूआत करायी। लेकिन तीसरे ओवर में कविशा एगोडगे की गेंद पर अति उत्साही शॉट ने उनकी पारी मिडऑफ पर खत्म कर दी। शेफाली वर्मा ने फिर कुछ शानदार शॉट खेले जिससे उन्होंने 18 गेंद में 37 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने पांच चौके और एक छक्का जड़ा। वह तेज गेंदबाज समायरा धरनीधरका की वाइड गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठीं। अगले ओवर में होतचंदानी ने फिर दयालन हेमलता (02) को आउट किया जिससे पावरप्ले में भारत का स्कोर तीन विकेट पर 52 रन था। कप्तान हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स (14 रन) ने फिर स्कोर चलायमान रखा।

## ओलंपिक के लिए भारतीय तीरंदाजी दल में 'दागी' फिजियो की मौजूदगी पर विवाद

**एजेंसी । पेरिस**



ओलंपिक एक्रिडिटेशन नहीं मिलने के कारण मुख्य कोच कोरिया के बाक वूंग के यहां से लौटने के बाद भारतीय तीरंदाजी दल 'दागी' फिजियो की मौजूदगी के कारण एक बार फिर से विवादों में फंस गया है। भारतीय तीरंदाजी दल में वूंग और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता हाई परफार्मेंस निदेशक संजीव सिंह को एक्रिडिटेशन नहीं मिला। भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने खुलासा किया कि इन दोनों की जगह फिजियो अरविंद यादव को दल में शामिल किया गया है।

यादव पर पिछले साल नवंबर में आयरलैंड के लिमरिक में युवा विश्व चैंपियनशिप के दौरान कनाडा की एक किशोर खिलाड़ी के साथ अनुचित व्यवहार का आरोप लगा था। इस अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा,'विश्व तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रबंधक थॉमस ऑबर्ट की शिकायत के अनुसार, यादव ने सोशल मीडिया पर कनाडा की एक किशोर तीरंदाज के साथ अनुचित व्यवहार किया था।' यादव से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'यह मुझे बदनाम करने की साजिश है। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। तब एएआई ने मेरे खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? अगर ऐसा था तो किसी तीरंदाज को मेरी नियुक्ति पर आपत्ति क्यों नहीं की।'' एएआई सूत्र ने दावा किया कि यादव संस्था के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा के बहुत करीबी हैं। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई शीर्ष प्रतियोगिता होती है तो वह इस तरह से दल में जगह बना लेता है। वह रियो ओलंपिक में भी दल में शामिल था। वह पिछले साल एशियाई खेलों के दौरान टीम के साथ नहीं था।' सूत्र ने कहा, 'इस बार भी वह तीन महीने पहले ही राष्ट्रीय शिविर से जुड़ा और उसे एक्रिडिटेशन मिल गया। एएआई चाहता तो उसके नाम को हटा कर मुख्य कोच को दल में शामिल कर सकता था।' एएआई अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने दागी फिजियो के बारे में बात करने से इनकार कर दिया। यादव को शामिल किए जाने और पिछले साल की घटना के बारे में पूछे जाने पर मुंडा ने कहा, 'आप इसे क्यों उछाल रहे हैं? इस समय इसके बारे में बात न करें। अब एक और विवाद पैदा न करें।' मुंडा ने जोर देकर कहा कि तीरंदाज ही उन्हें सहयोगी स्टाफ का हिस्सा बनाना चाहते थे। मुंडा ने कहा, ''यह एक मुश्किल निर्णय है जो खिलाड़ियों की सुविधा और वे टीम में किसे चाहते हैं इस पर निर्भर करता है और महासंघ इसे प्राथमिकता देता है। एएआई इसमें हस्तक्षेप नहीं करता है, हम टीम में किसी को मजबूर नहीं करना चाहते हैं।'

## शुरुआत में लाल गेंद की क्रिकेट पर ही ध्यान दें खिलाड़ी : नौशाद

**एजेंसी । लखनऊ**



भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान और उभरते हुए आलराउंडर मुशीर खान के पिता और कोच नौशाद खान ने युवा खिलाड़ियों को 15 साल की उम्र तक लाल गेंद से क्रिकेट यानी लंबी अवधि के प्रारूप पर ध्यान देने की जरूरत बताते हुए कहा कि अपने खेल की बुनियाद मजबूत करने के लिये ऐसा करना बेहद जरूरी है। लखनऊ स्थित एक क्रिकेट एकेडमी में उभरते हुए खिलाड़ियों को गुर सिखाने आये खान ने रविवार को बातचीत में कहा कि फटाफट क्रिकेट के इस दौर में भी शुरुआत हमेशा लाल गेंद से ही होनी चाहिये। खासकर 15 साल तक की उम्र तक खिलाड़ियों को लाल गेंद से खेलने पर ही ध्यान लगाना चाहिये। उन्होंने कहा, 'शुरू में लाल गेंद से खेलने में फायदा ही फायदा है, वरना नुकसान ही नुकसान है। पहले टेस्ट क्रिकेट पर ही फोकस किया जाए। उसके बाद ही वन डे और टी—20 खिलाया जाए। लाल गेंद से खेलने से खिलाड़ी के 'बेसिक्स' मजबूत होते हैं और वह तकनीकी तथा मानसिक रूप से भी सशक्त हो जाता है। लिहाजा 15 साल की उम्र तक खिलाड़ियों की बुनियाद को मजबूत करने पर ही ध्यान देना चाहिये।' इस साल फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रंखला में अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर की शुरुआत करने वाले प्रतिभाशाली बल्लेबाज सरफराज खान के पिता और कोच ने कहा कि वनडे और टी—20 अगर सोना और चांदी हैं तो टेस्ट क्रिकेट हीरा है।


## अदिति संयुक्त 12वें स्थान पर, शीर्ष 10 में जगह बनाने पर निगाहें

**एजेंसी । सिल्वेनिया (अमेरिका)**

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने डाना ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाया जिससे उन्होंने वर्ष 2024 में शीर्ष 10 में शामिल होने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अदिति ने पहले दो दौर में 67 और 72 का स्कोर बनाया था। उनका कुल स्कोर अब आठ अंडर पर हैं और वह संयुक्त 12वें स्थान पर हैं। इस भारतीय खिलाड़ी का वर्तमान सत्र में एलपीजीए में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले सप्ताह अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में रहा था जिसमें उन्होंने संयुक्त 17वां स्थान हासिल किया था। अदिति के लिए वर्ष 2024 का सत्र सामान्य रहा लेकिन वह अगले सप्ताह से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले बेहतर फॉर्म में आने की कोशिश करेगी।

## युकी भांबरी ने स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता

**एजेंसी । गस्टाड (स्विटजरलैंड)**




भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने रविवार को यहां तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर हुए स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया। फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी। बत्तीस वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है।

## अली फजल और ऋचा चड्ढा ने पोस्ट की बेटी की पहली फोटो

बॉलीवुड एक्टर अली फजल और ऋचा चड्ढा ने एक कोलैब पोस्ट करके अपनी बेटी की पहली झलक फैंस के साथ साझा की है। सेलेब्रिटी कपल के परिवार में 16 जुलाई को एक नन्हीं मेहमान आई थी जिसके बाद से फैंस उनकी बेटी की पहली झलक देखने के लिए उत्साहित थे। अब इस पोस्ट में अली और ऋचा ने अपनी बेटी के पांव की तस्वीर दिखाते हुए सभी को पहली बार माता-पिता बनने के बारे में बताया है। पोस्ट के कैप्शन में अली फजल ने लिखा, 'हमारी जिंदगी की सबसे बड़ी कोलैब के बारे में बताने के लिए कोलैब पोस्ट कर रहे हैं। हमें सचमुच ईश्वर का आशीर्वाद मिला है।'

### सामने आई नन्हीं परी की पहली झलक



इस खुशखबरी को लोगों तक पहुंचाने में हुई देरी और उसकी पहली झलक देर से पोस्ट करने के बारे में अली फजल और ऋचा चड्ढा ने लिखा कि हमारी बेबी गर्ल ने हमें सचमुच बहुत बिजी रखा। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए ढेर सारा शुक्रिया। अली फजल और ऋचा चड्ढा की इस पोस्ट पर ढेरों लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। एक सिंगर नीति मोहन ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'बहुत सारी शुभकामनाएं और बहुत सारा प्यार।' रिद्धिमा पंडित ने लिखा- शुभकामनाएं। जरीन खान ने भी मुबारक हो लिखा है। दिया मिर्जा ने कमेंट किया- सिर्फ प्यार और बहुत सारा प्यार।


### क्या होगी अली-ऋचा की बेटी का नाम?


इसी तरह ढेरों लोगों के इस पोस्ट पर कमेंट आए हैं। ऋचा चड्ढा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट को री-शेयर करते हुए शुक्रिया अदा किया था। इस पोस्ट में बच्चे का नाम Cha-Zal (ऋचा और फजल) लिखा गया था। यह नाम ऋचा चड्ढा और अली फजल के नाम से मिलाकर बनाया गया है, हालांकि यह नाम ऑफिशियल नहीं है। बल्कि ऋचा ने किसी पोस्ट को रीशेयर किया था। फैंस को इंतजार रहेगा जब कपल अपने बच्चे का नाम ऑफिशियली अनाउंस करेंगे। लेकिन तब तक फैंस ने इस बच्ची को चज़ल कहना शुरू कर दिया है।

### अली फजल और ऋचा चड्ढा की लव स्टोरी

बता दें कि अली फजल का करियर बहुत रोमांचक और सफल रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत '3 Idiots' से की थी। इसके बाद वो फुकरे, फुकरे रिटर्न्स, मिर्जापुर और डेथ ऑन द नाइल जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आए।

ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम की सीरीज मिर्जापुर अली फजल के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई। ऋचा चड्ढा के साथ काफी वक्त तक रिलेशनशिप में रहने के बाद दोनों ने शादी का फैसला किया और फिर साल 2022 में शादी के बंधन में बंध गए। ऋचा चड्ढा का पिछला प्रोजेक्ट हीरामंडी सुपरहिट रहा है।





## फिल्म 'तंगलान' का नया पोस्टर जारी

चियान विक्रम की अभिनीत और बहुप्रतिक्षित फिल्म 'तंगलान' का नया पोस्टर जारी कर दिया गया है। यह फिल्म को 15 अगस्त 2024 यानी स्वतंत्रता दिवस के दिन देश भर के सिनेमाघरों में देख पाएंगे। प्रोडक्शन कंपनी ग्रीन स्टूडियोज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'तंगलान' एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें चियान विक्रम एक छड़ी पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं और उनके पीछे बड़ी भीड़ है। पोस्टर शेयर करने के साथ ही यह खबर भी दी कि थ्रिलिंग सिनेमेटिक एक्सपीरियंस देने वाली फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होग। इस फिल्म को डायरेक्टर पा रंजीत ने डायरेक्ट किया है। पोस्टर शेयर करते मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, 'खून-पसीने से हम संघर्ष की गहराइयों से ऊपर उठते हैं।



## प्रभास के लिए 'बैड न्यूज' बनकर आए विक्की कौशल



प्रभास की बिग बजट फिल्म कल्कि 2898 एडी को फैंस ने खूब प्यार दिया है। 27 जून को रिलीज हुई फिल्म अभी तक थिएटर में लगी है और ठीक कमाई कर रही है। फिल्म ने हाल ही में 600 करोड़ का कलेक्शन पूरा किया। लेकिन अब फिल्म की कमाई पर विक्की कौशल की बैड न्यूज का असर भी देखने को मिल रहा है।

### कल्कि ने की कितनी कमाई?

मालूम हो कि फिल्म ने तीसरे शुक्रवार को 6 करोड़ और शनिवार को 14 करोड़ का कलेक्शन किया था। तीसरे वीक में फिल्म ने शानदार कमाई की थी। मगर फिल्म के चौथे वीक की शुरुआत की धीमी हुई। इस शुक्रवार को फिल्म ने महज 2 ।9 करोड़ का कलेक्शन किया। डेवाइज ये अब तक का सबसे कम कलेक्शन था। वहीं Sacnilk के मुताबिक, कल्कि ने 24वें दिन (चौथा शनिवार) को 5 ।75 करोड़ की कमाई की है। चौथे शनिवार की कमाई के ऑफिशियल आंकड़े अभी तक सामने नहीं आए हैं। पर अगर फिल्म 5 ।75 करोड़ का कलेक्शन करती है तो फिल्म का टोटल कलेक्शन 608 करोड़ हो जाएगा।



## रणबीर कपूर ने रिलेशनशिप में धोखा देने की खबरों पर तोड़ी चुप्पी

**रणबीर कपूर की लव लाइफ खूब चर्चा में रही है। एक्टर ने कई टॉप एक्ट्रेसेस को डेट किया। ऐसे में उनपर 'प्ले बॉय' होने का आरोप भी लगा जिसपर अब रणबीर ने रिएक्ट किया है। हैंडसम हंक रणबीर कपूर की फैन फॉलोविंग की लिस्ट काफी लंबी है।**

आम लोग तो आम लोग, कई बॉलीवुड हसीनाएं तक उनकी दीवानी रह चुकी हैं। ऐसे में शादी से पहले रणबीर का नाम कई एक्ट्रेसेस के साथ जोड़ा जा चुका है। वहीं एक्टर पर प्यार में धोखा देने जैसे आरोप भी लगे। रणबीर कपूर का नाम दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ, सोनम कपूर, प्रियंका चोपड़ा से लेकर श्रुति हासन तक के साथ जुड़ा। लेकिन पहले कभी रणबीर ने ये कंफर्म नहीं किया कि आखिर वे कितनी एक्ट्रेस को डेट कर चुके हैं। अब हाल ही में पीपल विथ WTF के साथ पॉडकास्ट में रणबीर कपूर ने कंफर्म किया कि वे दो बहुत सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस के साथ रिलेशनशिप में रह चुके हैं। रणबीर ने अपने ऊपर प्यार में धोखा देने के आरोपों को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि लोगों ने उनपर धोखेबाज का टैग लगा दिया था। रणबीर ने कहा- 'मैंने दो बेहद सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस को डेट किया और यही मेरी पहचान बन गई कि वो कैसानोवा हैं। मुझे अपनी लाइफ के एक बड़े पार्ट के लिए धोखेबाज का लेबल दिया गया और ये मैं अब भी हूं।' बता दें कि रणबीर कपूर एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के साथ रिलेशनशिप में थे।

न्यूज़ ब्रीफ

## ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जमकर तारीफ की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जमकर तारीफ की और अपना प्यारा दोस्त बताया। आगामी पेसिडेंशियल चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार ट्रंप ने कहा कि पेनसिल्वेनिया में एक रैली में उन पर किए गए जानलेवा हमले के बाद चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने उन्हें एक प्यारा सा पत्र लिखा था। वहीं ट्रंप का शी के प्रति इस तरह का प्रेम भारत के लिये मुसीबत पैदा कर सकती है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले के एक सप्ताह बाद ट्रंप ने मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स में शनिवार को एक चुनावी रैली में कहा, मेरा राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बहुत अच्छा रिश्ता रहा और वह एक बढ़िया इंसान हैं।

## केरल में 14 साल के लड़के की निपाह-वायरस से मौत

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से पीड़ित 14 साल के लड़के की रविवार को मौत हो गई। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि पीड़ित लड़के को सुबह 10.50 बजे दिल का दौरा पड़ा। इसके बाद उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया, लेकिन सुबह 11.30 बजे उसकी मौत हो गई। वीना ने बताया कि संक्रमित लड़के को ऑस्ट्रेलिया से मिली मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दी गई थी। प्रोटोकॉल के मुताबिक संक्रमित होने के 5 दिन के अंदर इसे दिया जाता है। इस मामले में संक्रमित लड़के को एंटीबॉडी देने में देर हो गई थी। वीना ने यह भी कहा कि लड़के का अंतिम संस्कार इंटरनेशनल प्रोटोकॉल के मुताबिक किया जाएगा। इसके लिए लड़के के परिवार और माता-पिता से बात की जा रही है। वहीं, उसके संपर्क में आए 3 रिश्तेदारों को निगरानी में रखा गया है।

## 24 साल की लड़की लगातार 10 घंटों तक खाती रही खाना, मौत

**नई दिल्ली।** आपने अक्सर सोशल मीडिया पर फूड ब्लॉगर्स के खाना-खाने के तमाम वीडियो देखे होंगे, जिसमें खाने के शौकीन खूब सारा खाना खाते हैं और नए रिकार्ड बनाते हैं। चीन में इसी तरह के एक चैलेंज में 24 साल की एक लड़की की अत्यधिक खाना खाने से मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान हुई। ऐसा बताया जा रहा है कि वह लगातार 10 घंटे तक खाना खाती रही। इससे उसकी तबीयत इतनी बिगड़ गई कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चीन में स्थानीय पोर्टल हनक्यूंग की रिपोर्ट के अनुसार यह दुखद घटना 14 जुलाई को हुई थी रिपोर्ट में बताया गया है कि पैन शियाओटिंग नाम की लड़की खाने की शौकीन थी और अक्सर अत्यधिक खाना खाने की चुनौतियों को लेती रहती है। इस तरह की चुनौतियों में अक्सर लगातार 10 घंटे से अधिक समय तक खाना पड़ता है। स्थानीय चीनी पोर्टल के अनुसार, शियाओटिंग एक बार में 10 किलो खाना खा जाती थी। इस काम को लेकर उसके माता-पिता और दोस्त ऐसा न करने की सलाह देते थे। लेकिन, उसने अपना काम नहीं रोका। ऐसी ही घटना में उसकी अत्यधिक खाना खाने से मौत हो गई।

# TMC की शहीद दिवस रैली में SP का शक्ति प्रदर्शन

## अखिलेश बोले- दिल्ली की सरकार जल्द गिरेगी ● ममता ने कहा- मैं भी इससे सहमत

**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कोलकाता के एस्प्लेनेड में शहीद दिवस रैली की। रैली को ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस (TMC) नेताओं के अलावा समाजवादी पार्टी (SP) के मुखिया अखिलेश यादव ने भी संबोधित किया। पश्चिम बंगाल में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में एकतरफा जीत के बाद TMC की यह पहली बड़ी रैली है। इसमें लाखों कार्यकर्ता शामिल हुए। ममता हर साल शहीद दिवस रैली के मंच से पार्टी की रणनीति की घोषणा करती हैं।



### अखिलेश बोले- दिल्ली की सरकार जल्द गिरेगी, हमारे खुशियों के दिन आएंगे

TMC की शहीद दिवस रैली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जब हम देश की राजनीति को देखते हैं तो आज की चुनौती बढ़ी है। सांप्रदायिक ताकतें षड्यंत्र रच रही हैं। जो सत्ता में लोग हैं और दिल्ली के इशारे पर जो लोग अलग-अलग जगहों पर बैठे हैं वो लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं। बंगाल में आपने भाजपा को पीछे छोड़ दिया, उत्तर प्रदेश ने भी आपके साथ मिलकर पीछे छोड़ दिया। ये जो कुछ दिन के लिए सत्ता में आए हैं ये कुछ दिन के मेहमान हैं। दिल्ली की सरकार चलने वाली नहीं है। वो सरकार गिरने वाली है। हम एक दिन देखेंगे कि यही सरकार गिरेगी और हमारे आपके लिए खुशियों के दिन आएंगे।

### ममता बोलीं - अखिलेश की बात से सहमत, दिल्ली में सरकार स्थिर नहीं

रैली में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मैं चाहती हूं कि बंगाल के साथ हिंदुस्तान के संबंध अच्छे हों। आप (अखिलेश यादव) यहां आए, मैं आपका शुक्रिया अदा करती हूं। मैं समाजवादी पार्टी का अभिनंदन करना चाहूंगी क्योंकि उत्तर प्रदेश में आपने जो खेल दिखाया है। मैं आपके साथ सहमत हूं कि दिल्ली में सरकार ने एजेंसी लगाकर, चुनाव आयोग को लगाकर जो सरकार लाई गई है, वह सरकार स्थिर नहीं है, वह सरकार कभी भी जा सकती है।

### अभिषेक बोले- 400 पार का नारा देने वाले, 240 पर ही रुक गए

अभिषेक बनर्जी ने रैली में कहा- जिन्होंने कहा था अबकी बार 400 पार, वे 240 पर ही रुक गए। जिन्होंने बंगाल में कहा था कि अबकी बार 200 पार उन्हें जनता और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने 70 पर रोक दिया है। भाजपा के पास ED-CBI-IT जैसी सभी एजेंसियां हैं लेकिन तृणमूल के पास जनता जनार्दन और तृणमूल कर्मी हैं।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की याद में रैली

ममता बनर्जी के नेतृत्व में 21 जुलाई, 1993 को कोलकाता में फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र की मांग को लेकर प्रदर्शन हुआ था। उस दौरान पुलिस फायरिंग में कांग्रेस के 13 कार्यकर्ताओं की मौत हो गई थी। उन्हीं की याद में ममता हर साल 21 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाती हैं। ममता उस समय कांग्रेस की यूथ विंग की प्रेसिडेंट थीं और बंगाल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली वाम मोर्चा का शासन था।

### रैली में अखिलेश के शामिल होने के मायने

ममता बनर्जी और अखिलेश यादव का एक मंच पर आना बड़ी बात है। दोनों एक मंच पर आकर INDIA गठबंधन की एकजुटता दिखाएंगे। अखिलेश के साथ ममता के अच्छे संबंध हैं। अखिलेश ने उत्तर प्रदेश में भदोही लोकसभा सीट TMC के लिए छोड़ी थी। हालांकि पार्टी यहां हार गई। ममता ने पिछले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अखिलेश के लिए प्रचार किया था। सूत्रों के मुताबिक अखिलेश ने खुद ममता को फोन करके शहीद दिवस रैली में शामिल होने की इच्छा जताई थी। अखिलेश मंच से INDIA गठबंधन के लिए कोई बड़ा संदेश जारी कर सकते हैं

# योगी सरकार के एक फैसले से बुझेंगे सैकड़ों घरों के चूल्हे!

## दुकानदारों ने कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का लिया फैसला

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों भूचाल आया हुआ है जिसके कई कारण है। लेकिन इसका सबसे बड़ा कारण है यूपी में चल रहा नेमप्लेट विवाद। यूपी में नेमप्लेट विवाद अब इतना बढ़ चुका है जिसकी गर्माहट अब पूरे देश में देखने को मिल रही है। विपक्ष तो विपक्ष अब एनडीए के सहयोगी दल भी इस मामले में यूपी सरकार का विरोध कर रहे है। हो भी क्यों ना क्योंकि अब ये मुद्दा किसी की रोजी रोटी पर जो आ चुका है। चलिए आपको विस्तार से बताते है। सावन के पवित्र मौसम में कांवड़ यात्रा के लिए योगी सरकार एक फरमान लेकर आती है जिसमें ये कहा जाता है कि सावन ये इस महिने में कावड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले सारे दुकानों पर नाम लिखना आनिवार्य होगा। योगी सरकार के इस फैसले ने पूरे देश की सियासत को गर्म कर दिया। यूपी सरकार के इस फैसले से कई दुकानदार प्रभावित हुए। जिसके बाद अब जाकर प्रभावित दुकानदारों ने अपने कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने के लिए कहा है। योगी सरकार का ये फैसला अब इन कर्मचारियों के लिए रोजी-रोटी पर आ चुकी है।

### दुकानदारों की बढ़ी बेचैनी

योगी सरकार के नेमप्लेट वाले फैसले के बाद मुजफ्फरनगर में दुकानदार कांवड़ मार्ग पर दुकानों पर अपने नाम के बैनर लगा रहे हैं। कांवड़ यात्रा तक ढाबों से मुस्लिम कर्मचारियों को भी हटाया जा रहा है। तो सवाल ये बनता है कि जो कर्मचारी वहां कई सालों से ढाबों में काम करके अपना घर चलाते थे उनका क्या होगा? सरकार के इस फैसले से सबसे ज्यादा प्रभाव तो उन्हें पड़ने वाला है।




### सरकार के फरमान से कइयों के चूल्हे ठप

पिछले सात सालों से दिहाड़ी मजदूर बृजेश पाल मुजफ्फरनगर के खतौली इलाके में सड़क किनारे एक ढाबे पर श्रावण के दो महीनों में काम करके अपने मुस्लिम मालिक की मदद करते थे, ताकि ग्राहकों, खासकर कांवड़ियों की भारी भीड़ को मैनेज किया जा सके। योगी सरकार के इस फैसले के बाद पाल ने बताया कि यह आय का एक अच्छा स्रोत था क्योंकि इस मौसम में अन्य नौकरियां ढूंढना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि मानसून के मौसम में निर्माण और कृषि कार्य ज्यादा नहीं होते हैं, जहां मुझे एक मजदूर के रूप में नौकरी मिल सके। मैंने एक सप्ताह पहले ही ढाबे पर काम करना शुरू किया था, लेकिन अब मालिक ने मुझे कहीं और काम तलाशने के लिए कहा है।

### छोटे फल विक्रेताओं पर टूटा पहाड़

ऐसा नहीं है कि योगी सरकार के इस फैसले से बड़े दुकानदारों को नुकसान झेलना पड़ेगा। इस फैसले ने छोटे फल व ढ़ाबे की दुकानदार की नींद उड़ा रखी है। छोटे फल विक्रेताओं और ढाबों को डर है कि सरकार के इस कदम से उनकी कमाई बुरी तरह प्रभावित होगी। इसके साथ ही एक और उदाहरण की बात करें तो एक ढाबे के मालिक अरसलान ने बताया कि उन्हें डर है कि उनके मुस्लिम नाम के कारण कांवड़िए उनके यहां खाना नहीं खाएंगे।

### मुस्लिम मालिकों का दर्द

हर तीसरे ढाबे की तरह, मेरे ढाबे का नाम बाबा का ढाबा है। मेरे आधे से अधिक कर्मचारी हिंदू हैं। हम यहां केवल शाकाहारी भोजन परोसते हैं और श्रावण (मानसून) के दौरान लहसुन और प्याज का उपयोग करने से भी बचते हैं। अच्छा ऐसा नहीं है कि सरकार के इस फैसले ने केवल मुस्लिम मालिकों को प्रभावित किया है बल्कि हिंदू दुकानदारों के दुकान पर काम करने वाले मुस्लिम कर्मचारियों पर भी इसका बड़ा प्रभाव देखने को मिल रहा है।

# 'मुझे अब राहुल गांधी से उम्मीद, 2034 तक बन सकते पीएम'

## विकास दिव्यकीर्ति बोले- मोदी जमीन से जुड़े, किया काफी संघर्ष

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शिक्षक, लेखक और दृष्टि आईएएस के संस्थापक विकास दिव्यकीर्ति ने न्यूज एजेंसी एएनआई के पॉडकास्ट में शिक्षा, नीट धांधली, आरक्षण समेत तमाम मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अपनी राय रखी। दुनिया भर में चर्चा में रहे 'ब्रांड मोदी' के पीछे की वजह भी बताई। विकास दिव्यकीर्ति ने कहा कि ब्रांड मोदी को आप ब्रांड मोदी तब तक नहीं बना सकते हैं जब तक उसमें चाय वाला व्यक्ति न आए। दिव्यकीर्ति ने कहा कि उन्होंने (पीएम मोदी) बचपन में इतना संघर्ष किया। ट्रेन में जा-जाकर चाय बेची। इससे यह प्रामाणिकता आती है कि इस आदमी ने संघर्ष किया है और जमीन से उठा हुआ आदमी है।



### राहुल गांधी के जीवन से गायब रहेगा संघर्ष वाला हिस्सा

विकास दिव्यकीर्ति ने बातचीत में आगे कहा कि राहुल गांधी कितने भी सफल होंगे लेकिन ये वाला हिस्सा (संघर्ष) उनकी जिंदगी से गायब होगा, क्योंकि उनका संघर्ष वैसा है नहीं है। दिव्यकीर्ति ने कहा कि संघर्ष की कहानियां आपकी जिंदगी की सफलताओं को बहुत प्रामाणिक बनाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब हम सब खुद को अच्छा महसूस करना चाहते हैं तो हम अपने आसपास के लोगों को अपना संघर्ष बताते हैं।

### योगी आदित्यनाथ और राहुल गांधी बन सकते पीएम!

विकास दिव्यकीर्ति ने पॉडकास्ट में कहा कि मुझे अब राहुल गांधी से उम्मीद ठीक ठाक है। अभी उनकी उम्र भी बहुत कम है। लगभग इतनी उम्र योगी आदित्यनाथ की है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि आज से 10-15 साल बाद दोनों नेताओं को पीएम के रूप में कभी न कभी देखेंगे। दिव्यकीर्ति ने कहा कि इस बार के रिजल्ट से राहुल गांधी का आत्मविश्वास बढ़ा होगा। मेरा मानना है कि जनता ने राहुल गांधी को गंभीर और अच्छा नेता मानना शुरू कर दिया है। अगर वह ट्रैक न छोड़ें तो 2034 के आसपास या शायद 2009 में पीएम बन सकते हैं।

खरगे ने केंद्र पर लगाया रेलवे को कमजोर करने का आरोप

# 'विभाग को समय पर नहीं मिल रहा पैसा'

**एजेंसी । बेंगलुरु**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हालिया ट्रेन दुर्घटनाओं को लेकर रेलवे और सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि रेलवे एक कमजोर विभाग है, इसलिए लगातार हादसे हो रहे हैं। खरगे ने हादसे के लिए रेलवे में रिक्त पड़े पदों को भी बड़ी वजह बताते हुए कहा कि तकनीकी पद नहीं भरे गए तो स्वाभाविक रूप से रेलवे कमजोर हो जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'रेलवे हादसे इसलिए हो रहे हैं, क्योंकि रेलवे विभाग कमजोर हो गया है। रेलवे विभाग में लाखों पद खाली हैं। यदि महत्वपूर्ण तकनीकी पद नहीं भरे गए तो रेलवे स्वाभाविक रूप से कमजोर हो जाएगी।'



### एक के बाद एक हो रही हैं दुर्घटनाएं: खरगे

उन्होंने आगे कहा, 'रेलवे विभाग इतना कमजोर हो गया है कि एक के बाद एक दुर्घटनाएं हो रही हैं। रेलवे विभाग को समय पर पैसा नहीं मिल रहा है। जब रेलवे का वित्त विभाग में विलय नहीं हुआ था, तब वह अपने दम पर काम करती थी और जब भी उन्हें किसी चीज की जरूरत होती थी तो वे केंद्र सरकार से इसके लिए कहते थे। सैकड़ों लोग मर गए हैं, सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए, अन्यथा जनता उन्हें सबक सिखाएगी।'

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर 3 तीर्थयात्रियों की मौत

## गौरीकुंड के पास पहाड़ से पत्थर गिरने से हादसा, 8 लोग घायल

**एजेंसी । रुद्रप्रयाग**

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर पत्थर गिरने से तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई है। इस हादसे में 8 लोग घायल हुए हैं। यात्री गौरीकुंड से 3 किलोमीटर दूर चिड़वासा में बने पैदल मार्ग से केदारनाथ धाम की तरफ जा रहे थे, जब वे सुबह करीब 7:30 बजे पत्थरों की चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी रुद्रप्रयाग डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट के नंदन सिंह रजवार ने दी है। रजवार ने बताया कि मरने वालों में महाराष्ट्र के नागपुर से किशोर अरुण परते, जालना के सुनील महादेव काले और रुद्रप्रयाग के अनुराग बिष्ट शामिल हैं। SDRF की टीमों ने हादसे के बाद मलबे से 8 लोगों का रेस्क्यू किया। ये सभी घायल थे, इन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी



मौसम विभाग ने भी उत्तराखंड में अगले 48 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। कुमाऊं क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट और गढ़वाल क्षेत्र के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। 21 जुलाई को चंपावत, नैनीताल व उधमसिंह नगर में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा देहरादून समेत प्रदेश के बाकी जनपदों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### 10 मई से शुरू हुई है चार धाम यात्रा

केदारनाथ मंदिर चार धाम यात्रा का हिस्सा है, जो इस साल 10 मई को शुरू हुई थी। चार धाम यात्रा, जिसके दौरान भक्त गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ भी जाते हैं, हिंदू धर्म में बड़ा महत्व रखती है और यह यात्रा आमतौर पर अप्रैल-मई से अक्टूबर-नवंबर तक होती है। ऐसा माना जाता है कि चार धाम यात्रा को घड़ी की सुई की दिशा में पूरा करना चाहिए।

# 12वीं में फेल हुई गुजरात की लड़की को NEET में मिल गए 705 नंबर

**एजेंसी । अहमदाबाद**

गुजरात में एक छात्र ने कुछ ऐसा कमाल कर दिखाया है जो सारे बच्चों को लिए मिसाल बन गया है। यहां नीट-यूजी परीक्षा में एक छात्र ने 720 में से 705 अंक हासिल किए हैं। इसमें हैरान करने वाली बात यह है कि यह छात्र कक्षा 12में फेल हो गई था। नीट यूजी परीक्षा के नतीजों की घोषणा शनिवार को हुई थी। यह कमाल अहमदाबाद की रहने वाली एक छात्रा ने किया है। सोशल मीडिया पर कक्षा 12वीं और नीट यूजी की परक्षी देने वाली एक छात्रा की मार्कशीट भी वायरल हो रही है जिसमें दोनों मार्कशीट में इतने अंतर को देख हर कोई हैरान है। हालांकि यह मार्कशीट गुजरात की उसी छात्रा की है या नहीं, इसकी पुष्टि रिपोर्ट में नहीं की गई है। उसकी कक्षा 12वीं की मार्कशीट के मुताबिक फिजिक्स में उसे 21 मार्क्स मिले थे जबकि केमिस्ट्री और बायोलॉजी में 31 और 39 मार्क्स आए थे। इसके लावा अंग्रेजी में उसे केवल 59 मार्क्स मिले थे। 700 में से उसे कुल 352 मार्क्स



मिले थे। रिपोर्ट के मुताबिक स्कूल ने उसकी खराब परफॉर्मेंस के बारे में बात करने के लिए उसके माता पिता को भी बुलाया था। उसके कोचिंग सेंटर ने बताया कि कक्षा 12 में रहते हुए उसने दो बार ड्रॉप आउट भी कर लिया था। रिपोर्ट के मुताबिक लड़की ने कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए एक कोचिंग सेंटर में रजिस्ट्रेशन करावाया था और स्कूल में वह केवल डमी छात्र के रूप में रजिस्टर्ड थी।

दबंगों ने किया रूह कंपा देने वाला दुस्साहस

# विरोध करने वाली दो महिलाओं को जिंदा ही जमीन में गाड़ा

**एजेंसी । रीवा**

मध्य प्रदेश से दिल दहला देने वाला एक वीडियो सामने आया है। यहां दो महिलाओं को जमीन में जिंदा गाड़ने का दुस्साहस किया गया। दबंगों ने इन दोनों महिलाओं पर मुरुम डाल कर उन्हें जिंदा ही जमीन में दफन करने का प्रयास किया। एक वीडियो सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि यह दोनों महिलाएं जमीन के नीचे कमर तक धंसी हुई हैं। ट्रक से इन महिलाओं पर मुरुम डाला जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना रीवा जिले की है। बताया गया है कि यह महिलाएं सड़क निर्माण का विरोध कर रही थीं।



### सड़क निर्माण का विरोध कर रही थीं

इस घटना को लेकर केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, घटना मंगावा थाना क्षेत्र के हिनोता जोरोट गांव की है। जो वीडियो सामने आया है उसमें नजर आ रहा है कि दो महिलाएं ट्रक के पीछे बैठी हैं और उन पर मुरुम डाल दिया जाता है। इस घटना को लेकर ASP विवेक लाल ने कहा कि ममता पांडे और आशा पांडे सड़क निर्माण का विरोध कर रही थीं और फिर उन्हें जमीन में आधा गाड़ दिया गया। पुलिस इस मामले में जांच-पड़ताल कर रही है और सबूतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि हिनौता गांव में दो पक्षों के बीच कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को राजेश सिंह नाम का एक शख्स अपनी जेसीबी और मुरुम से भरा डंपकर लेकर इस जमीन पर सड़क निर्माण के लिए पहुंचा था। लेकिन आशा पांडे और ममता पाडे का दावा है कि यह जमीन उनकी है और दोनों महिलाएं इस निर्माण का विरोध करने पहुंची थीं।

### वारदात को लेकर सियासत शुरू

बताया जा रहा है कि इस बात से दूसरे पक्ष को गुस्सा आ गया। जिसके बाद दूसरे पक्ष से वहां मौजूद कुछ दबंगों ने महिलाओं के साथ मारपीट की और फिर मुरुम डालकर उन्हें जिंदा ही जमीन में दफन कर देने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि एक महिला के मुरुम डालने की वजह से एक महिला सिर तक जमीन में दफन हो गई और दूसरी महिला कमर तक धंस गई। बड़ी मुश्किल से दोनों महिलाओं को जमीन के अंदर से निकाला गया है। इधर इस वारदात को लेकर अब सियासत भी शुरू हो गई है। इस मामले में भोपाल कांग्रेस की तरफ से ऐक्स पर इस वारदात का एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा गया है, 'बीजेपी के 20 साल के कुशासन का नतीजा है कि हर जिले में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। यह वायरल वीडियो रीवा जिले के एक गांव का है जहां बदमाशों ने महिलाओं की हत्या करने की कोशिश की है।

# NEET पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री की हो गिरफ़्तारी : अभिषेक बनर्जी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को NEET UG पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई 2022 के एक दिन बाद ईडी ने पार्थ चटर्जी के घर पर छापा मारा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हम गलती करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बचाते। लेकिन अगर SSC-TET घोटाले में पार्थ चटर्जी के घर पर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा छापा मारा जा सकता है, और उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, तो NEET घोटाले के लिए धर्मेंद्र प्रधान को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाना चाहिए? यह आजादी के बाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। यह भेदभाव क्यों?

### पीएम मोदी को बंगाल ने सिखाया सबक

बनर्जी ने कहा कि बंगाल के लोगों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को बाहर करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बड़ा सबक सिखाया है। तृणमूल कांग्रेस लोकसभा चुनाव के दौरान निष्क्रिय रहने वाले अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी।